वर्ष : 14 | अंक : 314 जयपुर | बुधवार , 18 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



## भारत ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता

### फाइनल में चीन को 1-0 से हराया, मैच का एकमात्र गोल जुगराज ने किया

हुलुनबुइर(एजेंसी)। भारत ने लगातार दूसरी और ओवरऑल पांचवीं बार हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हरा दिया। मुकाबला चीन के हुलुनबुइर शहर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा। मैच का एकमात्र गोल 51वें मिनट में जुगराज सिंह ने किया। चीन की टीम चार क्वार्टर के बाद भी गोल नहीं कर पाई। भारत को 4 जबकि चीन को 5 पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन दोनों टीम इसे गोल में तब्दील न कर सकी। इससे पहले तीसरे प्लेस के लिए हुए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ कोरिया को 5-2 से हरा दिया।



## केजरीवाल ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा...

## आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

**भाजपा बोली- मेकओवर से दाग नहीं छुपेंगे**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार शाम करीब 4.45 बजे उपराज्यपाल विनय सक्सेना को सीएम पद से इस्तीफा सौंप दिया। उनके साथ आतिशी और 4 मंत्री मौजूद रहे। दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। सत्ता परिवर्तन पर भाजपा ने कहा कि मेकओवर ने आप के दाग नहीं छुपेंगे। इससे पहले आतिशी मार्लेना को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान किया गया। केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर विधायकों ने सहमति जताई।

दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने आतिशी के नाम का ऐलान करते हुए कहा- हमने विषम परिस्थितियों में यह फैसला लिया है। केजरीवाल की ईमानदारी पर कीचड़ उछाला गया। जनता जब तक उन्हें नहीं चुनती, वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। आतिशी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए, दिल्लीवालों के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे।

इस बीच, आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, जिसके परिवार ने आतंकी अफजल गुरु के लिए लड़ाई लड़ी, उसे आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री बना दिया। भगवान दिल्ली की रक्षा करे। दिल्ली के लिए आज बहुत दुख का दिन है। 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था, अब जनता तय करे कि मैं ईमानदार हूं या बेईमान। जनता ने दाग धोया और विधानसभा चुनाव जीता तो फिर से कुर्सी पर बैठूंगा।



### दिल्ली आज केजरीवाल के खिलाफ षडयंत्र से गुस्से में है : आतिशी

कल शाम मुझे एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि केजरीवाल बेटे की तरह है और उसे इतना परेशान किया। वो रोने लगीं और कहने लगीं कि मैं घर-घर जाऊंगी और कहूंगी कि केजरीवाल को ही मुख्यमंत्री बनाना। दिल्ली आज गुस्से में है और केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र से गुस्सा है। उन्हें पता है कि केजरीवाल सीएम नहीं रहे तो फ्री बिजली नहीं मिलेगी, सरकारी स्कूल बदहाल हो जाएंगे, अस्पतालों में अच्छा इलाज नहीं मिलेगा, मोहल्ला क्लिनिक बंद हो जाएगी, महिलाओं की फ्री बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा बंद हो जाएगी।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### कहा- हमारी इजाजत बिना तोड़फोड़ न हो; केंद्र बोला- हाथ न बांधें, कोर्ट बोला- आसमान नहीं फट पड़ेगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं। केंद्र ने इस ऑर्डर पर सवाल उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप इसे रोक दीजिए, 15 दिन में क्या होगा? कोर्ट धाराणाओं से प्रभावित नहीं होता, लेकिन हम साफ कर रहे हैं कि हम किसी भी अवैध अतिक्रमण के बीच नहीं आएंगे, लेकिन अधिकारी जज नहीं बन सकते।

## पेपरलीक में 2 पकड़ते हैं, 4 और आ जाते हैं : सीएम शर्मा

### लोग कहते हैं मुरलीवाला काम नहीं करता; जिसमें काम करने का जज्बा, ईश्वर उसी के साथ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को 8 हजार सरकारी कर्मचारियों को एक साथ नियुक्त पत्र बांटे गए। जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा ने कुछ नए कर्मचारियों से वर्चुअली बात भी की। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- मुझसे कहा गया था कि आप 4 लाख नौकरियां कहां से देंगे। अभी तक हम 41 हजार नौकरियां दे चुके हैं। हम चार लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां देंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने बजट में जो भी घोषणा की है, उसे धरातल पर उतार रहे हैं। हमारे पास जिस पार्टी के विधायक की मांग आई, उसे हमने पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा- कई लोग तो ये कहते हैं कि मुरलीवाला, बंसीवाला काम नहीं करता है। उनके चित्रों से काम थोड़ी चलता है। वे मुरली वाले को मानते ही नहीं है। हम तो सनातनी हैं, इसलिए मुरलीवाले को बहुत कुछ मानते हैं। जिसमें काम करने का



जज्बा होता है, तो ईश्वर उसी का साथ देता है। सीएम ने कहा- पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ जो अन्याय किया, उसके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। स्थिति ये हो रही है कि 2 को पकड़ते हैं, चार और आ जाते हैं। अब आप देख रहे हो ना, हम मगरमच्छ की तरफ बढ़ रहे हैं और वे हाथ भी आ गए हैं।

### सीएम ने हाल पूछा तो रेडियोग्राफर ने कहा- आप बताइए

बिड़ला ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बालोतरा के एक रेडियोग्राफर रणवीर कटारिया से हाल पूछा तो कटारिया ने भी पलटकर सीएम का हाल पूछ लिया। रेडियोग्राफर की इस हाजिर जवाबी पर बिरला ऑडिटोरियम ठहाके से गूंज गया। सीएम भी बिना मुस्कुराए नहीं रह पाए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मां वाउचर योजना की शुरुआत की भी शुरुआत की। सीएम ने दो प्रेग्नेंट महिलाओं को सोनोग्राफी जांच के फ्री कूपन देकर इसकी शुरुआत की। वहीं, सफाई कर्मचारियों के लिए नमस्ते और किसानों को दिन में बिजली देने की योजना शुरू की गई है।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान, 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा की हुई शुरूआत -सामूहिक जनभागीदारी से अभियान को सफल बनाने की अपील

## मुख्यमंत्री ने की रिसाइकिल एप तथा जयपुर 311 एप की लॉचिंग - गोविन्ददेवजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की प्रदेश खुशहाली की कामना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में मालवीय नगर पुलिया के पास स्वयं श्रमदान कर प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आमजन को जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था, जिसके सार्थक परिणाम हम सभी को देश में दिख रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेशभर में आज से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सामूहिक जन भागीदारी के



श्रमदान के माध्यम से गांवों एवं शहरों में सफाई तथा स्वच्छता का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं स्वस्थता एक दूसरे के पर्याय हैं। जिस जगह स्वच्छता रहती है, वहां स्वस्थता अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण स्वच्छता बिना जन सहयोग के संभव नहीं है। ऐसे में हम सभी स्वच्छता के विजन को ध्यान में रखते हुए अपने नागरिक कर्तव्य निभाकर इस अभियान का हिस्सा बनें।



### सफाई मित्र स्वच्छता के प्रहरी

शर्मा ने कहा कि इस महा अभियान में सफाई मित्र स्वच्छता के प्रहरी हैं। उनका बेहतर स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी प्रण लें कि हम न केवल अपने घरों को बल्कि देश एवं प्रदेश को स्वच्छ बनाएंगे। साथ ही, स्वच्छ तथा स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए कृत संकल्पित है।

### रिसाइकिल एप से निगम करेगा सूखा कचरा श्रेणीवार एकत्रित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित कर सम्मानित भी किया। इस दौरान महिला सफाई मित्र ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। श्री शर्मा ने नगर निगम की 'रिसाइकिल' एवं 'जयपुर 311' एप्स का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने इन दोनों एप्स का पोस्टर विमोचन भी किया। 'रिसाइकिल एप' के माध्यम से नगर निगम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर अब घर से ही सूखा कचरा श्रेणीवार एकत्रित किया जाएगा। साथ ही, घर पर ही निगम द्वारा ऑनलाइन भुगतान भी किया जाएगा। नगर निगम संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए शहरवासी जयपुर 311 एप का प्रयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां ०के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया तथा निगम द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, विधायक कालीचरण सराफ, श्री गोपाल शर्मा, उप महापौर श्री पुनीत कर्णावत, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित जयपुर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

# पत्थर से सिर कुचल कर युवक की हत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जय सिंहपुरा थाना इलाके में पत्थर से सिर कुचल कर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) और डॉग स्क्वायड की टीम को मौके पर बुलाया। जिसके बाद पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं मौके पर पुलिस को एक बड़ा पत्थर मिला है जिसमें खून लगा हुआ है। एसआई नरेन्द्र ने बताया कि लकड़ा की ढाणी चावंड का मंड के पास खेत में एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर एक पत्थर से



सिर कुचले हुए युवक का शव मिला। जिस पर आलाधिकारियों को इस बारे में सूचित किया गया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। मृतक युवक की फोटो को इलाके में सर्कुलेट कराई गई है। मृतक की उम्र करीब 32 से 35 साल लग रही है। पुलिस के अनुसार हत्या सात से आठ घंटे पहले की गई है। सिर से खून का रिसाव ताजा है। इसके अलावा मौके पर पुलिस को एक बड़ा पत्थर मिला है जिस में खून लगा हुआ है। सम्भवत पत्थर से मृतक का सिर कुचला गया हो। पुलिस ने आसपास के थानों में मृतक की फोटो सर्कुलेट कर दी है।

वहीं शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया हैं। शिनाख्त होने के बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू होगी। वहीं इलाके में रहने वाले अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जिस तरह शव मिला है इसके आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# जयपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का उद्घाटन

## कचरे से बने उत्पादों की प्रदर्शनी ने आकर्षित किया ध्यान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मंगलवार को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' 'स्वच्छ राजस्थान, समृद्ध राजस्थान' अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर और रक्षा सूत्र बांधा । इस कार्यक्रम में कचरे से बने उत्पादों के 30 स्टॉल स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए, जिनमें जयपुर ग्रेटर और हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी द्वारा लाख, गाय के गोबर और मंदिर के फूलों के अपशिष्ट से बनाए गए विभिन्न उत्पादों ने सभी का ध्यान खींचा। लाख की चूड़ियां, दीपक, हवन सामग्री, धूपबत्ती, राखी आदि जैसे उत्पादों ने न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दिया है बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।

मुख्यमंत्री ने जयपुर नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार की स्वच्छता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। एचसीएमएस के सचिव ने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से कचरे को उपयोगी उत्पादों में बदलकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से राजस्थान को एक स्वच्छ और समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य जल्द ही पूरा होगा। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य मंजू शर्मा संसद सदस्य जयपुर, राजस्थान, गोपाल शर्मा विधायक, सिविल लाइंस (जयपुर), नगर निगम जयपुर ग्रेटर के महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, नगर निगम जयपुर ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रुक्मणि रियाड, जयपुर हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराना और उप आयुक्त नवीन भारद्वाज उपस्थित रहे।



# करणी कृपा मंडावा के 3 छात्र-छात्राओं का हुआ राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में चयन

बढ़ता राजस्थान

**मंडावा(नि.स.)।** स्थानीय फतेहपुर रोड़ स्थित करणी कृपा शिक्षण संस्थान के 3 छात्र-छात्राओं का 68वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशान्त ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तलावपाड़ा बारां में 17 सितम्बर 2024 से 23 सितम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता (14वर्षीय) में करणी कृपा शिक्षण संस्थान मंडावा के कक्षा 7वीं के छात्र चैतन्य मीणा पुत्र अनिल कुमार,








कक्षा 6 की छात्रा यश राठौड़ पुत्री भरतसिंह व कक्षा 8 के छात्र नव्य देवड़ा पुत्र विकास देवड़ा का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि इनका चयन भोडकी में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

डॉ दिशान्त ने बताया कि संस्था में पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न खेलों की भी नियमित तैयारी करवाई जाती है जिसके परिणाम स्वरूप हर खेल प्रतियोगिता में संस्था के छात्र-छात्रा स्टेट और नेशनल प्रतियोगिता में सलेक्ट होकर अपनी और संस्था की श्रेष्ठता सिद्ध कर रहे है। संस्था निदेशक गणेशसिंह शेखावत, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशान्त, कविता जांगिड़, कैलाशसिंह राठौड़, सुरेन्द्र भूषण वर्मा, यशपाल गोदारा, पूजा जांगिड़, मधुसुदन, सरिता शर्मा, निकिता जोशी, गायत्री देवानाथन, मनीषा सैनी,पुरूषोतम, खुशी चेजारा, सुनील इन्दोरिया, सिमरन गाडौदिया, पवन जांगिड़, मयंक सैनी, पूजा शर्मा, कोमल वर्मा, लवली बर्मन, किशन पंवार, राजकुमार चौहान आदि ने राज्य स्तर पर सलेक्शन होने पर चैतन्य मीणा, यश राठौड़, व नव्य देवड़ा को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरपंच प्रतिनिधि दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर ग्रामीण टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत बरजासर तहसील जिला फलोदी के सरपंच प्रतिनिधि (सरपंच का जेठ) बच्चू खाँ को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि मनरेगा में स्वीकृत टांका निर्माण कार्य में मस्टररोल जारी करने, पूरा पेमेन्ट भरने एवं अन्य कार्य प्लान में फीड करने की एवज में सरपंच प्रतिनिधि बच्चु खाँ दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। एसीबी की जोधपुर ग्रामीण टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सरपंच



प्रतिनिधि बच्चु खाँ को दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

# जयपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मनाया स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 स्वच्छता की शपथ के साथ पखवाडे की शुरूआत

## मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ली गई स्वच्छता की शपथ, स्वच्छता को उत्कृष्ट बनाये रखने के लिये जागरूकता के होंगे अनेक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स)** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर मंगलवार कों 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' की शुरुआत की गई। मंडल पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है अभियान। अभियान के प्रथम दिन मंगलवार 17 सितंबर को जयपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मण्डल रेल प्रबंधक विकास पुरवार द्वारा रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता शपथ दिलाई। जिसके द्वारा सभी रेलकर्मियों ने 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा 100 अन्य व्यक्तियों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही मंडल कार्यालय में पौधारोपण कर 卐एक पेड़ माँ के नाम卐 पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संजीव दीक्षित अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन), गौरव गौड़ अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), पीयूष जोशी (मु.प.प्र) जीएसयू एवं मण्डल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम में भागीदारी कर पौधारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त मण्डल के अन्य स्टेशनों,रेलवे कॉलोनीयों,रेलवे स्कूल बांदीकुई,रनिंग रूम, कोचिंग डिपो,केन्द्रीय हॉस्पिटल, स्वास्थ इकाइयों इत्यादि में

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में किया गया पौधारोपण



स्वच्छता शपथ एवं पौधारोपण किए गए एवं स्वच्छता जागरूकता रैली की गई।

इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत रेलवे स्टेशनों,रेलवे कॉलोनियों तथा रेल इकाइयों में सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे व उन्हें सुरक्षा तथा अन्य उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

# जग जाहिर हिंदी समाचार पत्र का 12वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ पत्रकार सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंकसिटी प्रेस क्लब में जग जाहिर हिंदी समाचार पत्र के 12वें स्थापना दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। नवल डांगी ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का साफा पहना कर और शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें जग जाहिर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अतिथियों मैं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना, वन विभाग बोर्ड के डायरेक्टर सुनील मुदगल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी ज्योति मिश्रा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर विपक्ष के नेता राजीव चौधरी, शिक्षाविद संजय असवाल, समाजसेवी मदन यादव, मारवाड़ हॉस्पिटल के निदेशक सोहन चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश एन भटनागर शामिल हुए। अतिथियों की गौरवमाय उपस्थिति में जग जाहिर की ओर से सुभाष नाहर पुरस्कार हरिभूमि (हरियाणा) के न्यूज़ एडिटर शंभू भद्रा को प्रदान दिया गया। सभी पत्रकारों को




साफा पहना कर और शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया।। साथ ही उन्हें जग जाहिर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

पत्रकार सम्मान समारोह में ज़ी न्यूज़ (राजस्थान) के भरत चौधरी, न्यूज़ 18 (राजस्थान) के रोशन शर्मा, टीएनपी न्यूज़ के रघु गौड़, वरिष्ठ पत्रकार रोशन लाल शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार अत्री कुमार दाधीच, राजस्थान पत्रिका के फोटोग्राफर अनुग्रह सोलोमन, जन टीवी के सुदर्शन सिंह शेखावत, जनसंपर्क अधिकारी सरिता जाखड़, हिंदुस्तान जिंक के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश मूंदडा, दैनिक कंवर स्टोरी के संपादक जयप्रकाश दशोरा, वरिष्ठ पत्रकार विजय जैथलिया, दैनिक नवज्योति के गुणेंद्र शर्मा, दैनिक भास्कर के न्यूज़ एडिटर सुभाष बंसल, दैनिक किंग के संपादक मुकेश चौधरी को सम्मानित किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने कहा मैंने विभाग में 32 वर्ष से अधिक समय दिया है। उन्होंने कहा मेरा अनुभव कहता है कि एक अच्छे वक्ता होने से ज्यादा जरूरी अच्छा स्त्रोता होना है। इस अवसर पर उन्होंने जग जाहिर के संपादक और कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले पत्रकारों को बधाई और शुभकामनाएं दी। जग जाहिर के बारे में चर्चा करते हुए कहा सरकार से विज्ञापनों के लिए बिना मान्यता प्राप्त होने के बावजूद अपने दम पर चल रहा है यह वाकई मेहनत का परिणाम है जिसका मुकाबला सहज की कोई नहीं कर सकता। जयपुर नगर निगम ग्रेटर के विपक्ष के नेता राजीव चौधरी ने कहा मीडिया समय-समय पर हमें हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है।

उससे हमें सही और गलत निर्णय लेने में बड़ी मदद मिलती है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी ज्योति मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की अच्छी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में पत्रकारों को सहयोग करना चाहिए। साथ ही महिला पत्रकारों को सुरक्षा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सभी अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में जग ज़ाहिर के स्थापना दिवस विशेषांक का विमोचन भी किया गया। सम्मान समारोह के अंत में कार्यक्रम संयोजिका एवं वरिष्ठ पत्रकार गीता यादव और जग जाहिर के संपादक अरुण कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का मंच संचालन सपना शाह ने किया।

# सभी थानों, चौकिया एवं कार्यालय का एक माह तक सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा : पुलिस कमिश्नर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों, चौकिया एवं कार्यालय का एक माह तक सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। ताकि आम जनता की समस्याओं के समाधान एवं मुद्दों पर बेहतर कार्य किया जा सके। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन 2023 के पारित निर्देशों की पालना में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस थानों का निरीक्षण एवं दौरा किया जावे। जिसकी अनुपालना में जयपुर पुलिस द्वारा 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक एक माह सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सभी पुलिस थानों, सड़क दुर्घटना अनुसंधान इकाईयों, पुलिस चौकियों एवं कार्यालय के परिसरों की साफ सफाई, सौंदर्यकरण, रिकॉर्ड संधारण, विभिन्न प्रकरणों में जब्त शुदा वाहनों, माल खाना मदों का रखरखाव आदि कार्यों का अवलोकन किया जायेगा।

## 68 वीं बालिका खो-खो प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, तीन दर्जन टीम शामिल

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** शहर स्थित उच्च माध्यमिक संस्कार विद्या मंदिर में मंगलवार को जिला स्तरीय 68वीं बालिका खो-खो प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। स्कूल संचालक आरपी धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि हंसराज मीणा प्रधानाचार्य सांवतगढ़ व अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामराय मीणा थे। मुख्य अतिथि ने खेल भावना से प्रतियोगिता में शामिल होने की बात कही। इस प्रतियोगिता में 17 व 19 वर्षीय खिलाडीयों ने भाग लिया। यहां 17 वर्ष प्रतियोगिता में 17 टीमें शामिल है। इसमें 204 खिलाड़ी है। इसी प्रकार 19 वर्ष प्रतियोगिता के लिए 12 टीमों के 144 खिलाडिग्री भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताए पीमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली के खेल मैदान में 17 से 20 सितम्बर तक चलेगी। इस विद्यालय केम्पस में समापन पर जिसमें विजेता खिलाडीयों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान दिए जाएंगे। संस्था के भवन पर ध्वजा रोहण कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। प्रतिभागियों को नियम अनुसार शपथ दिला कर प्रतियोगिता शुरू की गई ।प्रतियोगिता के कुशल संचालन के लिए जिले से संयोजक अब्दुल रहुप व सह संयोजक आशाराम को लगाया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णय में पारदर्शिता के लिए 13 शारीरिक शिक्षकों को निर्णायक नियुक्त किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक दशरथ शर्मा ने किया।

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 3 अक्टूबर को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री अग्रवाल वैष्णव समाज आगामी 3 अक्टूबर को श्री अग्रसेन महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनोयगा। समाज अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि इसी श्रृंखला में समाज के विभिन्न वर्गो के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही है। आज सुरजपोल स्थित अग्रवाल भवन में पुरुष एवं महिला वर्ग में केरम,शतरंज,विभिन्न आयु वर्गो के बालक-बालिकाओं के लिये लेखन प्रतियोगिता, ईयर बड्स से शो पीस बनाना, रंग भरो प्रतियोगिता,थर्मोकॉल ग्लास सजाना, वेस्ट से बेस्ट बनाना, गीला सजाना,आइस्क्रीम स्टीक से नाव बनाकर उसमें कान्हा जी बैठाना,बिना गैस के ब्रेड से व्यंजन बनाना, विवाहित-अविवाहित बालिकाओं के लिये जनरल नॉलेज प्रतियोगिता,हल्दी फंक्शन के लिए ज्वैलरी बनाना,रंगोली बनाना,मेहन्दी लगाना, बालक-बालिकाओं के लिये मेमोरी गेम, प्राकृतिक दृश्य बनाकर रंग भरना,सरप्राईज गेम, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता,पेपर फ्लावर बनाना,प्लास्टिक कैन से गमला बनाकर सजाना, सरप्राईज गेम, विवाहित-अविवाहित बालिकाओं के लिये पोटली पर्स बनाना, नैचुरल फूल पत्तियों से बांदरबार बनाना आदि प्रतियोगितायें आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक दीपक बंसल, सुनिल सिंहल, राकेश गर्ग,अग्रवाल वैष्णव महिला समिति थे। रविवार 29 सितम्बर राजस्थानी थीम पर अग्रवाल भवन में श्री अग्रसेन मनोरंजन मेला आयोजित किया जायेगा। 1 अक्टूबर फैन्सी ड्रेस ,एकल नृत्य, राधा कृष्णा की रासलीला, समुह भजन 2 अक्टूबर, 2024 को अन्ताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 2 अक्टूबर को प्रात: 9.00 बजे से अग्रसेन जयन्ति महोत्सव के अवसर पर दो पहिया वाहन रैली के रूप में अग्रचेतना यात्रा निकाली जायेगी,जो अग्रवाल भवन सूरजपोल से प्रारम्भ होकर मुखर्जी चौक, बड़ा बाजार, घंटाघर हाथीपोली, अश्विनी बाजार, बापु बाजार, होते हुए अग्रवाल भवन पर समाप्त होगी। गुरुवार 3 अक्टूबर को अग्रसेन जयन्ति महोत्सव समिति के तत्वाधान में हवन एवं झण्डारोहण होगा। तत्पश्चात अग्रवाल भवन, सुरजपोल से विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

## सर्वओशोधी के 108 कलश के साथ हुआ शांतिनाथ भगवान का अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुप्रकाश ज्योति मंच ध्यानोदय क्षेत्र की ओर से बलीचा स्थित ध्यानोदय क्षेत्र में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म और पूर्णिमा महोत्सव के सर्वओशोधी के 108 कलश के साथ शांतिनाथ भगवान पर भव्य अभिषेक किया गया। ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि दश लक्षण महापर्व एवं पूर्णिमा महोत्सव पर शांतिनाथ भगवान पर '108 सर्व ओशोधी कलश'यानि की सर्व प्रकार की ओशधी से निर्मित द्रव्य का 108 इंद्र परिवार द्वारा भव्य अभिषेक हुआ और उसके बाद मंडप पर ब्रह्मचर्य धर्म के 22 अर्ग चढ़ायें और आज दश लक्षण पर्व पूर्ण आहुति भी दी गई। उन्होंने बताया कि हवन कुंड की आग में से सुरक्षित रक्षा सूत्र निकाल कर सभी को रक्षा सूत्र बंधन किया गया। इसके मुख्य लाभार्थी उमेश जवरिया, दीपक जैन प्रतापगढ़, श्रावण जैन एवं हवन के लाभार्थी बनने का मंजू मनोज पाटनी परिवार को सौभाग्य मिला। सभी श्रावक प्रभु को नगर यात्रा रथ यात्रा के लिए स्वर्ण पालकी मे बिठा कर सीर् सागर शुद्ध कुए का जल भर कर जल देवता की पूजा कर प्रभु पर पुन: विश्व शांति हेतु महाशांति धारा की गई। ट्रस्ट के महामंत्री अरविन्द पाड़लिया ने बताया कि गरु माँ सुप्रकाश मति मताजी का सभी भक्त जन को लाइव झारखण्ड के सम्मेद शिखर से आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह पर्व आपको अपने जीवन कर्म को कैसे जिया जाय यह सिखाता है। इसको जिसनें जीवन में उतार लिया वह कभी पीछे मूड कर नहीं देखता है, हमेशा आगे की और ही बढ़ेगा। चेयरमैन ओम प्रकाश गोदावत ने बताया कि तीर्थ पर आज सभी ने एक दूसरे से क्षमा धर्म का पालन करते हुए साल भर में की गई गलतियां की माफ़ी माँग कर गले मिले। ट्रस्ट निर्माण समिति सयोजक दिलीप गोदावत के अनुसार तीर्थ पर एक विशेष गाय की रक्षा हेतु गोशला का निर्माण किया जा रहा है जो पूर्णता की और है और नवरात्रि मे दशहरा के दिन उसका लोकार्पण किया जाएगा। जिसमे पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया एवं ग्रामीण विधायक फूलचंद मीणा, शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, उदयपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राहुल जी जैन आदि कई गणमान्य के साथ निर्माणकर्ता मोहन लाल जोशी भी सम्मिलित होंगे।

## अगले बरस तू जल्दी आ के आव्हान पर मन्नत वाला राजा की हुई भव्य विदाई

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** न्यू मेवाड़ मित्र मंडल की ओर से मन्नत चा राजा की आज अनन्त चतुदर्शी के अवसर पर गणगौरघाट पर भव्य विसर्जन किया गया। विशाल जैन ने बताया कि मन्नत चा राजा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें नासिक के ढोल,घोड़े और ऊंट शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस बार उदयपुर में पहली बार मुंबई से नासिक ढोल के साथ शोभायात्रा एवं गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के गणगौर घाट पंहुचने पर फायर शो ( आतिशबाजी ) किया गया, ऐसा उदयपुर में पहली बार हुआ। मण्डल के नितेश साहू ने बताया कि शोभायात्रा धानमंडी से होकर, संतोषी माता मंदिर,भड़भुजा गाटी घंटाघर,जगदीश चौक होते हुए गणगौर घाट पहुँची।

### बेरोजगार दिवस पर कांग्रेस ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

# पकौड़े उतारते हुए बेरोजगारों ने अपनी डिग्रियां हाथ में लेकर बेरोजगार युवकों ने जताया विरोध, मोदी को जुमलों का सरदार बताया

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** दो करोड़ जॉब प्रति वर्ष देने वाले जुमलों के सरदार मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस पर अजमेर देहात जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र पाल पंवार के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओ ने चांग गेट स्थित गांधी सर्किल पर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर सद्बुद्धि यज्ञ करके व युवा बेरोजगारों द्वारा अपनी डिग्री हाथ में लेकर पकौड़े तल कर अपना विरोध प्रकट किया। इस बेरोजगारी दिवस पर यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने चांग गेट गांधी सर्किल पर हो रहे यज्ञ में अपनी आहुति देते हुए मोदी जी से हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने वाले वादे को याद दिलाया। साथ ही युवा शिक्षित बेरोजगारों द्वारा अपनी डिग्रियों के साथ पकौड़े तलते हुए मोदी जी से रोजगार की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में सभी नेतागणों व यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज करवाकर राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस पर अपना विरोध प्रकट किया। यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपना विरोध प्रकट करते हुए देश के प्रधानमंत्री से उनके सत्ता में काबिज होने से पहले जो वादा किया 2 करोड नौकरी देने का उसे याद दिलाया। आज देश का युवा पढ़ लिखकर भी बेरोजगार बैठा है। नौकरियों की तलाश में परेशान हो चुका है। देश की तानाशाही सरकार अपनी मदमस्ती में चूर हैं। युवाओं के पास आज रोजगार के नाम पर हाथ खाली पड़े हैं।

आज देश का युवा बेरोजगारी दिवस मना रहा है रोजगार है कहाँ? कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक रांका ने की। विरोध प्रकट करने वालो में सेवादल नेत्री कल्पना भटनागर, पार्षद राजेश शर्मा, घनश्याम फुलवारी, भरत बंधीवाल, पार्षद प्रतिनिधि अजय स्वामी, ह्स्ड्ढ के नेता शैलेन्द्र सांखला, ह्स्ड्ढ के पूर्व जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह रावत, जवाजा ब्लॉक यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह रावत, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष राम यादव, पूर्व पार्षद नारायण मेहड़ा व बाबू लाल पंवार, सोमदेव साहू, चेतन भट्ट, अशोक साहू, यूथ कांग्रेस पदाधिकारीगण हिमांशु शर्मा, मोहित यादव, त्रिभुवन राय शर्मा, धीरज नागौरा, मेहरबान काठात, लोकेश सामरिया, शेर खान भुट्टो, मोनिश समसन, हर्षित ऑस्तवाल, हनुमान सिंह गहलोत, शुभम सैनी, साहिल नागौरी, फतह सिंह चौहान सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## योग गुरू गुनीत मोंगा को मिली इंडियन योगा एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** शहर में पिछले कई वर्षो से योगा सिखा रही यो गुरू गुनीत मोंगा को उदयपुर में योग के क्षेत्र में विशेष एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिये इंडियन योगा एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है। इंडियन योगा एसोसिएशन के संयुक्त सचिव हिमांशु पालीवाल ने बताया कि एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. हंसा योगेन्द्र एवं महासचिव सुबोध तिवारी की अनुशंसा पर आजीवन सदस्यता प्रदान की गई। उक्त सदस्यता प्राप्त योग विशेषज्ञ को केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग व तत्वावधान में आयोज्य योग के कार्यक्रमों जैसे योग महोत्सव, प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रचार- प्रसार की विभिन्न गतिविधियों में विषय विशेषज्ञता के आधार पर दायित्व दिये जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में गुनीत मोंगा के निर्देशन में दक्ष योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योगाभ्यास के सैकड़ों शिविर, कार्यशालायें, ऑनलाइन ऑफलाइन सेमिनार तथा ट्रेनिंग प्रोग्रामों का शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कराया गया है जिसके माध्यम से हजारों लोगों को लाभ प्राप्त हुआ है।

## रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या अध्यक्ष एवं सचिव पद ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर ऐश्वर्या कॉलेज में रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के अध्यक्ष एवं सचिव पद ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर रोटरेक्टर शमील शेख और सचिव पद पर रोटरेक्टर अविष्का सेन निर्वाचित हुए। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सचिव ने कार्यभार ग्रहण किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटरेक्टर शेख ने अपने संबोधन में क्लब की आगामी योजनाओं और सामाजिक सेवा के प्रति अपने समर्पण को प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रोटरेक्ट क्लब युवाओं के लिए एक सशक्त मंच है, जहाँ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ नेतृत्व कौशल का विकास होता है।नवनिर्वाचित सचिव रोटरेक्टर सेन ने क्लब की गतिविधियों और परियोजनाओं के आयोजन में पारदर्शिता और अनुशासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्लब के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या की पूर्व अध्यक्ष ऐश्वर्या सिंह ने क्लब की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने क्लब के सदस्यों को सामाजिक सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और रोटरेक्ट क्लब को एक मंच बताया, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो सकता है। क्लब की सलाहकार रोटेरियन डॉ सीमा सिंह ने सभी पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सेवा कार्यों में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रोटरेक्टर हर्षा मारवाल द्वारा किया गया।

## ग्यारहवीं के छात्र उमंग शर्मा ने नेत्रहीनों के लिये बनाया सस्ता कीबोर्ड राष्ट्रीय ब्लाइंड एसोसिएशन दिल्ली ने इसके हाइपोथेसिस की पुष्टि की



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** प्रिंसटन डे स्कूल में जूनियर (ग्यारहवीं कक्षा) के छात्र उमंग शर्मा ने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंजीनियरिंग और अपने उत्पादों को कोड करने में रुचि के कारण उन्होंने ब्रेल लिपी में विशेषज्ञों की मदद से तकनीकी सुधार करते हुए नेत्रहीनों के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स की मदद से एक कीबोर्ड बनाया और यह सफलता उन्हें कंप्यूटर बिल्डिंग और टेक्नोलॉजी में उनकी रुचि के कारण संभव हो पायी। दुनिया भर में लगभग 284 मिलियन दृष्टि बाधित व्यक्ति हैं। इनमें से 39 मिलियन नेत्रहीन हैं, 70 प्रतिशत बेरोजगार हैं, और 90 प्रतिशत निरक्षर हैं। यह विकलांगता ने उनकी क्षमता और अवसरों को बहुत कम कर दिया है।

उमंग ने बताया कि एक बार जब वह इंटरनेट पर एक कीबोर्ड के लिए पार्ट्स खोज रहा था, तो उन्हें ब्रेल कीबोर्ड की सूची मिली, जिसकी कीमत 7000 डॉलरं से अधिक थी। उन्हें पता था कि यह अविश्वसनीय है। उमंग ने जल्द ही महसूस किया कि इसका विकल्प होना चाहिए। उन्होंने शोध किया, लेकिन कोई बेहतर विकल्प नहीं मिला। शोध करने के बाद, शर्मा ने मौजूदा समाधानों के साथ कुछ प्रमुख मुद्दों की पहचान की, जिसमें लागत, उपयोग में आसानी और स्थायित्व शामिल हैं। उमंग ने इन खामियों को सुधारा और अपने शोध के साथ कुछ प्रोटोटाइप बनाए।

उन्होंने ब्रेल तकनीक में विशेषज्ञों से बात करके डिज़ाइन में सुधार किया। उनका कीबोर्ड दृष्टि बाधित लोगों के लिए एक सस्ता, आसानी से उपयोग होने वाला कीबोर्ड प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह नवीन कीबोर्ड केवल 10 डॉलर में उपलब्ध है, और डोनेटेड कीबोर्ड का उपयोग करके यह लगभग मुफ्त है। यह 3डी-प्रिंटेड कीज़ का उपयोग करता है जो टिकाऊ और किसी भी कीबोर्ड पर आसानी से चिपक सकते हैं। नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ द ब्लाइंड दिल्ली ने उमंग के इस प्रयास की सराहना की। आपकी दयालुता और उदारता ने हमें दृष्टिहीनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद की है और सिल्वर लाइनिंग्स ब्लाइंड स्कूल ने कहा, दृष्टिहीनों की सेवा के लिए उमंग की कड़ी मेहनत और प्रयासों के लिए उनके प्रति आभार ज्ञापित किया।

## देवली में गणेश अनंत चतुर्दशी पर फिर दिखाई दिया सांप्रदायिक सौहार्द का भाईचारा



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** शहर के हिंदू मुस्लिम समाज ने एक बार फिर सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय देकर जाति धर्म की घटिया राजनीति करने वालों लोगों को आइना दिखा दिया है ।तो वहीं इस अद्भुत पल ने शहर वासियों का मन जीत लिया। गणेश अनंत चतुर्दशी पर यहां हिंदू वर्ग के सभी समाज लोगों ने भगवान श्री गणेश की संयुक्त शोभायात्रा निकाली इस दौरान स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने गणेश उत्सव की शोभायात्रा पर पुष्प बरसाए और शोभायात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत भी किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले 10 दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। मंगलवार को श्री गणेश अनंत चतुर्दशी महोत्सव पर शहर में तीन दर्जन से अधिक गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा मुख्य मार्गों पर निकाली गई तत्पश्चात संध्याकालीन सभी प्रतिमाओं को बनास नदी घाट पर विसर्जन कर दिया गया। मंगलवार को प्रात: से ही शहर में भर में गणेश महोत्सव की धूमधाम दिखाई दी। दोपहर 12ः00 बजे बाद भगवान श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा निकालना प्रारंभ हुआ। जिस पर शहर में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं शहर के नेहरू मार्केट में मुस्लिम समाज के लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प बरसाए और यात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत किया साथ ही सभी को गणेश महोत्सव की बधाई दी। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष आशीष पंचोली शहर अध्यक्ष सत्यनारायण साहू सहित कई हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों एवं लोगों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया। इस मौके पर देवली पुलिस उपअधीक्षक रामसिंह जाट, थाना प्रभारी राजकुमार नायक समेत कई दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहे। गौरतलब है कि देवली में रामनवमी के जुलूस पर भी मुस्लिम समाज के लोगों मस्जिद के बाहर हर बार पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत करते रहे है। वही मुस्लिम समाज के त्योहारों पर हिंदू संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया जाता रहा है। अगर बात करें तो कई दशकों से यहां हिंदू मुस्लिम समाज में आपसी भाईचारा बना हुआ है जिसे दोनों समाज बखूबी निभाते आ रहे हैं।

### एक गणपति प्रतिमा ऐसी भी

# शोभायात्रा में नगर भ्रमण कर बाराद्वारी पर पहुंचकर जल स्नान किया, वापस अपने स्थान पर लोटे

### 16 किलो नारियल के रेशे से निर्मित इको फ्रेंडली गणपति शोभायात्रा में रहे आकर्षण का केंद्र

### जलीय जीवों की रक्षा एवं पर्यावरण की सुरक्षा करें संदेश के साथ निकाली शोभायात्रा में

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कर्मयोगी सेवा संस्थान कोटा जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के संयोजन में गुरुधाम कॉलोनी रोटेदा सोगरिया रेलवे स्टेशन के पास मुख्यालय पर स्थापित 16 किलो नारियल के रेशे से निर्मित इको फ्रेंडली गणपति प्रतिमा को मंगलवार को शाम 5.00 बजे सूरजपोल गेट के पास से मुख्य शोभायात्रा में सम्मिलित किया संस्थापक राजाराम जैन कर्मयोगी रावण सरकार ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संदेश देते हुए 10 हजार पंपलेट शोभायात्रा में वितरित किए गए। जिसमें जल संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि जल प्रकृति की अनमोल संपदा है। जलीय जीवों की सुरक्षा होगी तो जल शुद्ध होगा। दूषित पेयजल समस्त बीमारियों का कारण है। गणपति की प्रतिमा को विसर्जित करने की परंपरा को प्राकृतिक संतुलन के साथ जोड़ते हुए जलीय जीवों की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा करें। बढ़ते जल प्रदूषण को रोकने का उत्तरदायित्व हम सभी का है। कर्मयोगी सेवा संस्थान जिला मुख्यालय पर स्थापित की गई साढ़े 3 फीट की इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा शहर की एकमात्र ऐसी प्रतिमा है। जिसे वर्ष 2021 से विसर्जित नहीं किया जाता। शोभायात्रा में सम्मिलित करते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए बाराद्वारी तक ले जाकर जल स्नान करवाने के पश्चात वापस मुख्यालय पर लाकर स्थापित किया जाता है। प्रतिमा वर्षभर पूजा अर्चना की जाती है।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ में

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार 20 सितंबर शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ आएंगी। वे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर भू अ सुरेंद्र सिंह पुरोहित ने बताया कि श्रीमती अंजना पवार 20 सितंबर 2024 को प्रात 08.00 बजे राजसमन्द से राजकीय वाहन द्वारा प्रस्थान कर चितौडगढ प्रात: 10.00 बजे सर्किट हॉउस, चितौडगढ़ में आगमन होगा। प्रात: 10.30 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों (जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, एस.एस.पी, श्रम आयुक्त, ईपीएफ अधिकारी, आयुक्त, नगर परिषद, अधिशाषी अधिकारीगण नगर पालिका एवं सफाई कर्मचारी संघों के नेताओ) के साथ बैठक करेंगी। वे 20 एवं 21 सितंबर को रात्रि विश्राम सर्किट हॉउस, चितौड़गढ में करेगी एवं 22 सितंबर को प्रात: 10.00 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेकर सायं तीन बजे चितौडगढ़ से नीमच के लिए राजकीय कार से प्रस्थान करेगे।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट में वकीलों ने जज साहब को ही कर दिया गुमराह, मीलॉर्ड ने जताई चिंता

हर अधिवक्ता अदालत में इसी संकल्प और तैयारी के साथ उतरता है कि वह अपने मुवक्किल को इंसाफ दिलाएगा। वकालत के पेशे में नैतिक दायित्व भी यही होता है और इसी से वकील की साख बनती है। इसलिए हर वकील कानूनी बारीकियां और दलीलें पेश करते हुए अपने मुवक्किल के पक्ष को सही ठहराने का प्रयास करता है। अदालतें भी उन पर भरोसा करके चलती हैं। दरअसल, वकील अपने मुवक्किल और न्यायाधीश के बीच एक सेतु होता है। इस तरह कई बार न्यायाधीशों को भी वकीलों की जिरह से कानून की बहुत सारी बारीकियों समझने में मदद मिलती है। मगर वकील जब इस विश्वास के रिश्ते का फायदा उठा कर, जानबूझ कर अदालत की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास करते हैं, तो उससे पूरी न्याय प्रक्रिया गुमराह होती और न्याय का रास्ता बाधित होता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी प्रवृत्ति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि वकीलों के झूठे बयानों से हमारा विश्वास डगमगा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने नोट किया कि पिछले तीन-चार हफ्तों में सात-आठ ऐसे मामले सामने आए, जिसमें वकीलों ने झूठे बयान देकर अपने मुवक्किल की सजा माफ करने या उसमें छूट देने की गुहार लगाई।

कानून में यह प्रावधान है कि किसी दोषी के अच्छे आचरण और खराब स्वास्थ्य आदि के मद्देनजर उसकी सजा कम या खत्म की जा सकती है। मगर उसके लिए न्यूनतम अवधि की सजा काटना जरूरी होता है। इसी तरह कुछ पारिवारिक और व्यक्तिगत कारणों से कैदियों को कुछ दिन फरलो पर बाहर रहने की इजाजत दी जा सकती है। इन्हीं प्रावधानों का लाभ उठाते हुए कुछ वकील अपने मुवक्किल को समय से पहले सलाखों से बाहर निकालने का प्रयास करते हैं। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने जिन मामलों का संज्ञान लिया, उनमें देखा गया कि वकीलों ने झूठे बयान और दलील देकर सजा माफी की गुहार लगाई। एक मामले में सजायाफ्ता चार कैदियों को लेकर कहा गया कि वे चौदह वर्ष की सजा काट चुके हैं। यह भी बताया गया कि चारों को हत्या के मामले में सजा दी गई थी। मगर अदालत को पता चला कि उन्होंने न केवल चौदह वर्ष की सजा पूरी नहीं की थी, बल्कि चारों को अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया था। इसी तरह एक मामले में बताया गया कि फरलो पर बाहर गए सभी कैदियों की फरलो अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। ऐसे ही अन्य मामले देखे गए। निस्संदेह इस प्रवृत्ति से न्यायिक शुचिता प्रश्नांकित होती है। हालांकि इस संदर्भ में यह भी चिंताजनक है कि जघन्य अपराध के दोषियों को समय से पहले सलाखों से बाहर निकालने की प्रवृत्ति पैदा कहां से हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अनेक ऐसे प्रसंग सामने आए हैं, जिनमें राज्य सरकारों ने हत्या और बलात्कार जैसे मामलों में सजायाफ्ता लोगों की सजा माफी की सिफारिश की। कुछ अपराधियों को बार-बार फरलो दी गई। समझना मुश्किल नहीं है कि इस राजनीतिक पक्षपातपूर्ण व्यवहार का विस्तार हुआ है। फिर, वकालत के पेशे में भी नैतिकता का प्रकट ह्रास हुआ है।

# 'एक देश एक चुनाव' अमृतकाल की अमृत उपलब्धि बने

**भले ही स्पष्ट बहुमत के अभाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। लेकिन भाजपा की सरकार इतनी भी कमजोर नहीं है कि अपने चुनावी वायदों एवं विकासमूलक कार्ययोजनाओं को लागू न कर सके। नरेन्द्र मोदी जैसा साहसी एवं करिश्माई नेतृत्व है तो उसके द्वारा देशहित की योजनाओं में आने वाले अवरोध वह दूर कर ही लेंगे। एक दशक की विकासमूलक कार्यशैली के बाद अब भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर अपनी योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है।**

ललित गर्ग।






नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने 'एक देश एक चुनाव' के अपने चुनौतीपूर्ण संकल्प को लागू करने की बात कहकर राजनीतिक चर्चा को गरमा दिया है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती एवं चुनावी प्रक्रिया को अधिक प्रासंगिक एवं कम खर्चीला बनाने के लिये 'एक देश एक चुनाव' पर चर्चा होती रही है। इसको लेकर भाजपा जिस तरह बेझिझक होकर तेजी से आगे बढ़ रही है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा कि केंद्र को सहयोगी दलों का पूरा समर्थन मिल रहा। दो बड़े दलों में से एक जेडीयू ने मोदी के 'एक देश एक चुनाव' वाले इरादे पर सहमति जता दी है। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है और उसके इस आशावाद में देश को एक नई दिशा मिल सकेगी। भारत की वर्तमान चुनावी प्रणाली में निहित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा एक संभावित समाधान के रूप में उभरी है। शासन के सभी स्तरों- पंचायत, नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय- में एक साथ चुनाव कराने से लागत (खर्च)-प्रभावशीलता और प्रशासनिक दक्षता से लेकर बेहतर शासन और नीति निरंतरता तक कई लाभ मिल सकते हैं। यह नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को आकार देने का मुख्य आधार बन सकता है एवं आजादी के अमृतकाल की एक अमृत उपलब्धि बनकर सामने आ सकता है। लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को साहसिक निर्णय लेने वाली पार्टी के रूप में एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को आकार देने के लिये तत्पर हो गयी है। इसके लिए सरकार ने पक्ष-विपक्ष के सभी नेताओं से एक साथ आने का अनुरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित में है।

निश्चिय ही 'एक देश एक चुनाव' की योजना को लागू करना राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खर्चीले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। विगत लोकसभा चुनावों में कुल सरकारी खर्च 6600 करोड़ रुपये आया था जो भारत जैसे विविधतापूर्ण विशाल देश को देखते हुए भले ही जायज कहा जाये, लेकिन बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले ऐसे भारी-भरकम खर्चे देश की अर्थ-व्यवस्था पर बोझ तो डालते ही है। भारत में भ्रष्टाचार की जड़ भी महंगी होती चुनाव व्यवस्था है क्योंकि जब करोड़ों रुपये खर्च करके कोई विधानसभा या लोकसभा का प्रत्याशी जनप्रतिनिधि बनेगा तो वह विजयी होने के बाद सबसे पहले अपने भारी खर्च की भरपाई करने की कोशिश करेगा। अत: असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करने पर सभी राजनैतिक दलों में एक सन्नाटा पसर जाता है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष को अपने राजनीतिक हितों की बजाय देशहित को सामने रखकर इस मुद्दे पर आम सहमति बनानी चाहिए। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न को भी सामने रखकर इस पर सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत हमेशा से राजनीतिक विचारधाराओं, विविध संस्कृतियों और विशाल आबादी का मिश्रण रहा है। हर गुजरते चुनाव चक्र के साथ, राष्ट्र लोकतांत्रिक उत्साह का महाकुंभ देखता है, जहाँ लाखों लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। हालाँकि, इस जीवंत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बीच, विभिन्न स्तरों-स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय-पर चुनावों के समन्वय को लेकर बहस ने हाल के वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक दशक के शासन एवं पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में 'एक देश, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने 'एक देश, एक चुनाव' को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ परामर्श किया और संभावित अनुशंसाओं के साथ आम लोगो एवं न्यायविदों के विचार आमंत्रित किये। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग भी 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करते हुए सभी राजनैतिक दलों के सामने निजी हित एवं चुनाव जीतने का गणित सामने आ जाता है। भारत की असली विडम्बना यही है। जब भी सरकारी खर्चे से चुनाव कराने की बात होती है तो इस राह को अव्यावहारिक बता दिया जाता है। जबकि जर्मनी जैसे लोकतन्त्र में यह प्रणाली सफलतापूर्वक काम कर रही है। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानमंडलों के चुनाव एक साथ प्रत्येक पाँच वर्ष पर आयोजित किये जाते हैं, जबकि नगर निकाय चुनाव प्रत्येक दो वर्ष पर आयोजित किये जाते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधानमंडल, प्रांतीय विधानमंडल/काउंटी कौंसिल और स्थानीय निकायों/नगर निकाय सभाओं के चुनाव एक निश्चित तिथि, यानी हर चौथे वर्ष सितंबर के दूसरे रविवार को आयोजित किये जाते हैं। ब्रिटेन में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता एवं पूर्वानुमेयता की भावना प्रदान करने के लिये निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान किया गया कि प्रथम चुनाव 7 मई 2015 को और उसके बाद हर पाँचवें वर्ष मई माह के पहले गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। जब दुनिया के अनेक देशों में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की परम्परा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है तो भारत में इसे लागू करने में इतने किन्तु-परन्तु क्यों है? देश में इसे लागू करने से सरकार कुछ-कुछ समय बाद चुनावी मोड में रहने के बजाय शासन यानी विकास योजना पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है। इससे समय एवं संसाधनों की भी बचत होगी। एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा, क्योंकि लोगों के लिए एक साथ कई मत डालना आसान हो जाएगा। इन सब स्थितियों के साथ-साथ एक साथ चुनाव कराये जाने पर क्षेत्रीय पार्टियों को होने वाले नुकसान एवं अन्य स्थितियों पर भी ध्यान देना होगा।

## शख्सियत

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं मेरे लिए सुपर स्टार मेरे पापा। जी हां एक पुत्र के लिए उसका पिता ही असली हीरो होता है ऐसे ही श्री महेश चन्द शर्मा जोकि जिला उघोग केन्द्र से स्वेच्छिक सेवानिवृत हुए हैं। जोकि अब अपने जीवन के नोवें दशक में प्रवेश करने जा रहे हैं। शुरू से ही एक अलग अंदाज में जीवन जीने वाले श्री महेश चन्द शर्मा बेहद ईमानदार व कर्तव्य निष्ट कर्मी के रूप में रहे हैं। हमेशा जिस भी विभाग में नौकरी की जहां पूरी दमदारी के साथ नौकरी की। पहले न्यास विभाग में रहे,उसके बाद बाटमाप विभाग में रहे उसके बाद जिला उद्योग केन्द्र में रहे जहां से स्वेच्छिक सेवानिवृत ले ली। श्री महेश शर्मा बताते हैं कि भिवाड़ी में सन 1961 में जब बसावट नहीं थी तो सरकारी की कल्याण कारी योजनाओं और उद्योगपतियों को भूमि व ऋण उपल्बध कराने के लिए टैंट लगाकर वहां शिविर लगाते थे। जेयष्ठ की तपती धूप में जब दूर दूर तक कोई नजर नहीं आता था, हलक सूख जाते थे तो वहां कैम्प कर लोगों को उद्योगों से जोड़ा ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। ईमानदारी इतनी कि जब हम छोटे थे तो घर पर कोई उद्योगपति आते तो उनसे अच्छे से मिल लेते लेकिन मिठाई का डिब्बा नहीं लेते थे,तब हम छोटे थे ईमानदारी बेईमानी क्या होती है समझ नहीं आता था बस यही लगता था कि हमारे पापा सबसे बुरे हैं कोई मिठाई देने आता है और ये लेते ही नहीं हैं। धीरे-धीरे बड़े हुए तो जमीर की जीवन में क्या अहमीयत है इसका ज्ञान हुआ और हमारे पिता ही हमारे असली हीरो बन गए। सबके दु:ख दर्द में हमेशा मदद करना हमारे पिताजी की संस्कारी विरासत है। संतोष धन भी उनकी परवरिश का एक बड़ा हिस्सा है। वो कहते हैं कि उनके समय में अलवर शहर के परकोटे के बाहर कोड़ियों के दाम में जमीन थी लोगों ने दाब भी ली लेकिन साथ कोई लेकर गया नहीं इसी यतार्थ को समझते रहे और जीवन पुशैतनी मकान में ही निकाल दिया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके स्वास्थ्य जीवन की कामना करती है।



महेश चन्द शर्मा
(सेवानिवृत सरकारी अधिकारी)

जय हिन्द
रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 18 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फिलिप अगुस्टस 1180 में फ्रांस का राजा बना।
- क्रिस्टोफर कोलंबस 1502 में कोस्टारिका पहुँचे।
- इंग्लैंड के राजा जेम्स 1615 में प्रथम के एंबेसडर थामस रॉ जहाँगीर से मिलने सूरत पहुँचा।
- फर्डिनैंड द्वितीय ने 1635 में फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- तुर्की तथा ऑस्ट्रिया ने 1739 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- अंग्रेजों ने 1803 में ओडिशा के पुरी पर कब्ज़ा किया।
- इसी दिन शेक्सपीयर के मैकबेथ नाटक के साथ रॉयल थिएटर को 1808 में मरम्मत के बाद सजा धजा कर दोबारा खोला गया।
- लंदन में 1809 को रॉयल ऑपेरा हाउस खुला।
- चिली ने 1810 में स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने 1851 में प्रकाशन शुरू किया।
- नीदरलैंड के रोटरडम शहर में 1905 को विद्युत ट्रामलाइन की शुरुआत हुई।
- हॉलैंड में 1919 को महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।
- हंगरी लीग ऑफ नेशंस में 1922 को शामिल हुआ।
- न्यूयार्क में 1923 को समाचारपत्र प्रकाशकों की हड़ताल हुई जो 23 सितंबर तक चली।
- अमेरिका के मियामी में 1926 को चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत।
- जापान की सेना ने 1931 को पूर्वोत्तरी चीन में स्थित मन्चूरी के क्षेत्र पर क़ब्ज़ा कर लिया। यह क़ब्ज़ा चीन और जापान के बीच दूसरे युद्ध का कारण बना। जापानियों ने मन्चूरी पर नियंत्रण के पश्चात वहाँ मेन्टको की पिटठू सरकार स्थापित कर दी।
- राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1947 को पारित हुआ।
- अमेरिका में वायु सेना का गठन 1947 में हुआ।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1961 में नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- नागालैंड ने 1967 में अंग्रेज़ी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
- अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर की मौजूदगी में 1978 को मिस्र के राष्ट्रपति अनवर अल सादत और इसरायल के प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन शांति के लिए राजी हुए थे।
- पहली महिला पायलट ने 1986 में बम्बई से गोआ के बीच उड़ान भरी।
- अमेरिका और सोवियत संघ ने 1987 में मध्यम दूरी के मिसाइल को हटाने के लिये हस्ताक्षर किये।
- बर्मा ने 1988 में अपना संविधान रद्द किया।
- मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने 1986 को जेट विमान उड़ाया।
- सं.रा. अमेरिका ने 1997 में 'होलोग' नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया, ओज़ोन परत की रक्षा के लिए 100 देशों ने सन् 2015 तक मिथाइल ब्रोमाइड का उत्पादन बन्द करने का निश्चय किया।
- सं.रा. अमेरिका के ऊपर संयुक्त राष्ट्र का 1 अरब डॉलर बकाये की घोषणा 1998 में की।
- ढाका-अगरतला बस सेवा 2003 में शुरू।
- रूसी राकेट सोयूज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 2006 में रवाना। संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की दौड़ में अफ़गानिस्तान के पूर्व वित्तमंत्री अशरफ़ गनी शामिल।
- कनाडा में 1960 के दशक में जीवाश्म की खोज से तहलका मचाने वाले भारतीय जियोलॉजिस्ट जी.बी. मिश्रा को 2007 में विशेष सम्मान से नवाजा गया।

## विशेष आलेख

# बांग्लादेश तख्तापलट में लगी थी अमेरिका की कई एजेंसियाँ

रामस्वरूप रावतसरे

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने की योजना 2019 में ही बन गई थी। अमेरिका की अलग-अलग एजेंसियाँ इस काम में लगाई गईं थी। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन लाने के लिए लाखों डॉलर भी पानी की तरह बहाए गए। हसीना की सत्ता पलटने के लिए अमेरिका ने अलग-अलग एजेंसियों का प्रयोग किया। यह सारे खुलासे अखबार द सन्डे गार्जियन को मिले अमेरिकी कागजों से हुआ है। सन्डे गार्जियन की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इस पूरी योजना का हिस्सा वह अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू भी था, जो सत्ता परिवर्तन का मास्टर माना जाता है।

बांग्लादेश में सत्ता बदलने के लिए अमेरिकी एजेंसियों का जमकर इस्तेमाल हुआ। यह एजेंसियाँ सरकार से पैसा लेती है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का प्रमुख काम करने वाली एक ऐसी ही एजंसी इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टिट्यूट है। आईआरआई अमेरिका की यूएसएआईडी और एनईडी नाम की एजेंसियों के लिए काम कर रही थी और उनका उद्देश्य पूरा कर रही थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन दोनों एजेंसियों से पैसा लेकर ही आईआरआई ने बांग्लादेश में अपना काम चालू किया। आईआरआइ ने इसके लिए एक कार्यक्रम चलाया और यह जनवरी 2021 तक चला। आईआरआइ ने कहा इस कायर्क्रम का उद्देश्य बांग्लादेश के भीतर उन लोगों को आवाज देना है, जो हसीना की दमनकारी सत्ता के विरुद्ध खड़े हो सकें। आईआरआइ ने अपने इस कार्यक्रम में एलजीबीटी, बिहारी और बाकी समुदायों के लोगों के समूहों को समर्थन दिया। इसके तहत 77 'एक्टिविस्ट' को ट्रेनिंग भी दी गई। इन लोगों को बड़ी धनराशि भी दी गई। इसका अर्थ यह लगाया जा सकता है कि अमेरिका उन लोगों को अपने पक्ष में बोलने के लिए तैयार कर रहा था जो हसीना का विरोध कर सकें।

आईआरआइ ने 2021 में एक और प्रोग्राम चलाया था। इसके लिए उसे अमेरिकी एजेंसी एनएमडी से 9 लाख डॉलर की मदद मिली थी। इस कार्यक्रम के तहत आईआरआइ ने उन नेताओं को तैयार करने का लक्ष्य रखा था जो आगे जाकर बड़ी आवाज बन सकें। इसके तहत आईआरआइ ने बांग्लादेश की कई पार्टियों के लोगों को सहायता करती जिससे वह बड़े पदों पर पहुँच सके। आईआरआइ ने अपना एजेंडा बढ़ाने के लिए कई ऐसे लोगों को उन कार्यक्रमों में शामिल करवाया जहाँ अमेरिकी राजनयिक और अधिकारी आते थे।

आईआरआइ ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता गिराने के लिए अलग-अलग संस्थानों का विकल्प सोचा था। एक रिपोर्ट में आईआरआइ ने जिक्र किया कि बांग्लादेश की सेना और यहाँ के कारोबारी शेख हसीना की सत्ता पलट सकते हैं। हालाँकि, आईआरआइ ने पाया कि अधिकांश बड़े कारोबारी शेख हसीना की आवामी लीग का समर्थन करते हैं और सेना के बड़े अधिकारी भी सरकार के प्रति कोई ख़ास गुस्सा नहीं है। अपनी रिपोर्ट में आईआरआइ ने कहा कि सैन्य अधिकारियो को बड़े पद दिए गए हैं, जिससे वह प्रसन्न हैं। आईआरआइ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसी तरह से आवामी लीग सत्ता पर जमी हुई है। बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी का पैंतरा भी आईआरआइ आजमाना चाहती थी



लेकिन उसे यह लम्बी रेस का घोड़ा नहीं लगी। आईआरआइ ने पाया कि बीएनपी पर हुई कार्रवाइयों ने उसकी छवि खराब कर दी है। बांग्लादेश के आम लोग उसे पसंद नहीं करते। इसके अलावा आईआरआइ ने यह भी कहा कि बीएनपी में दो गुट चल रहे हैं जिनमे से एक ढाका जबकि दूसरा लंदन से चलता है। ऐसे में आईआरआइ ने सत्ता परिवर्तन के लिए बीएनपी को फिट नहीं समझा। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद युनुस को इसीलिए लाया गया क्योंकि बीएनपी मुखिया खालिदा जिया की अब भी स्वीकार्यता नहीं है। आईआरआइ चाहती थी कि बांग्लादेश में कोविड महामारी में बड़ा नुकसान हो जिसका फायदा उठा कर शेख हसीना का तख्तापलट किया जाए। आईआरआइ ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा, कोरोनावायरस महामारी के स्वास्थ्य और आर्थिक परिणामों से बांग्लादेश की राजनीति अस्थिर होने की संभावना थी। हालाँकि, बांग्लादेश में मृत्यु दर कम रही और खतरनाक अनुमानों के बावजूद अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ। इस तरह आईआरआइ के हाथ से यह एक मौका भी चला गया।

अमेरिकी एजेंसी आईआरआइ को मात्र बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार या उनकी पार्टी आवामी लीग से ही नहीं बल्कि भारत से भी समस्या है। आईआरआइ ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा, बांग्लादेश में राजनीति में दो दलों का वर्चस्व है अवामी लीग (एएल) और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी )। पिछले दस सालो से, भारत के समर्थन के कारण आवामी लीग लगातार आधिपत्यवादी, राजनीतिक मुकाबले पर हावी होने वाली और भ्रष्ट हो गई है।

आईआरआइ ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में भारत का प्रभाव कम करने की जरूरत है। एक अन्य रिपोर्ट में आईआरआइ ने कहा, इस बात की पूरी संभावना है कि आवामी लीग और शेख हसीना भारत के समर्थन के तहत किसी भी तरह से फिर से चुनाव जीतने की कोशिश करेंगे। बांग्लादेश के भीतर इस इलाके की शक्तियों (भारत और चीन) के हस्तक्षेप को संतुलित करना आवश्यक है। आईआरआइ ने यह भी बताया कि उसने बीएनपी हो या अवाम्मी लीग, दोनों में बड़े स्तर पर घुसपैठ कर ली थी। इसके लिए उनसे पाँच अमेरिकी राजनयिकों का सहारा लिया था। इनमे से एक यूएसएआईडी में तैनात था। इस पूरे ऑपरेशन को डोनाल्ड लू समेत बाकी अधिकारी देख रहे थे। आईआरआइ की गतिविधियाँ जहाँ एक तरफ चल रही थीं, वहीं दूसरी तरफ शेख हसीना लगातार इस खतरे को समझ रहीं थी। अप्रैल, 2023 में बांग्लादेश की संसद में हसीना ने इसी खतरे को लेकर देश को आगाह किया था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। आज के दिन बुजुर्गों और पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आज कोई भी सोच-विचार करने के बाद ही बोलें।

### वृष
नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। सगे-संबंधियों तथा मित्रों का आपके यहां आगमन होने से आनंद अनुभव होगा। कहीं यात्रा होने की संभावना है। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे, तो शांति मिलेगी।

### मिथुन
भागीदारों के साथ मतभेद होगा। कुछ खास दोस्तों के साथ मुलाकात विशेष आनंददायक नहीं रहेगी। कोर्ट- कचहरी के काम में दिक्कत होने की आशंका है। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी।

### कर्क
पैसे की तंगी महसूस होगी। दुर्घटना, ऑपरेशन का योग बन रहा है, इसलिए सावधानी बरतें। ईश्वर भक्ति से राहत महसूस कर सकेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### सिंह
बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। अपने क्रोध को नियंत्रण में रखें, वरना बड़ा नुकसान हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा हो सकता है। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

### कन्या
अपने अधीनस्थ कर्मचारियों और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी।

### तुला
प्रिय व्यक्ति के साथ की गई मुलाकात रोमांचक रहने की उम्मीद है। तन-मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित रहेगा। आज किसी के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद हो सकता है।

### वृश्चिक
जमीन, वाहन वगैरह की खरीदारी के दस्तावेज बनवाने में सावधानी रखें। गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल बना रहेगा।

### धनु
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

### मकर
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपका उत्साह बढ़ाएगा।

### कुंभ
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की आशंका है। कोशिश करें कि किसी के साथ विवाद न हो। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### मीन
सरकारी काम में बाधा होगी। महत्वपूर्ण कार्य या निर्णय आज स्थगित रखना उचित रहेगा। संतान के साथ मतभेद होगा। विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। आज मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। धन खर्च होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## शिवाड़ में हुआ विशाल गणेश विसर्जन

### गणेश मंदिर से विसर्जन जुलूस झांकी के साथ हुई रवाना, करीब 6.30 घंटे बाद विसर्जन, जुलूस पहुंचा विसर्जन स्थल



बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे में गणेश मित्र मंडल द्वारा अनंत चतुर्दशी के मौके पर मंगलवार को गणेश विसर्जन किया गया । इससे पूर्व कस्बे के गणेश मंदिर से भव्य जुलूस रवाना हुआ । जिसमें आगे ही आगे बैंड वादन किया जा रहा था जिस पर कस्बे के सैकड़ो लोग गणपति जी के भजनों पर नृत्य कर रहे थे उसके बाद बीच मे शिवाड़ अखाड़ा टीम अखाडे के करतब दिखा रही थी फिर करीब 6 ट्रेक्टर में झांकिया सजी हुई थी और फिर गणेश विसर्जन के लिए लाई गई गणेश मूर्ति ट्रेक्टर में चल रही थी जिसके दर्शन गॉव के लोग कर रहे थे । गणेश मित्र मंडल के सदस्य सभी को प्रसाद वितरित कर रहे थे । जुलूस प्रारम्भ होने से पूर्व सिद्धि विनायक मंदिर में गणेश मूर्ति का विधिवत पूजन किया गया और करीब 21 हजार लड्डुओं का भोग लगाया गया । मंडल कार्यकर्ता दिलीप नामा ने बताया कि हर वर्ष ये कार्यक्रम मंडल द्वारा आयोजित होता है । विसर्जन जुलूस करीब दोपहर 12 बजे सिद्धि विनायक गणेश मंदिर से प्राम्भ हुआ जो स्टेशन रोड होते हुए घुश्मेश्वर मंदिर पहुंचा जहां अखाड़े के लोगो ने जमकर अखाड़ा खेला उसके बाद युवा नाचते और रंग गुलाल उड़ाते मुख्य बाजार पहुंचे और ये जुलूस करीब 5ः30 घंटे बाद कुशला कुआँ के यहां पहुंचा जहां मंडल द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया उसके बाद जुलूस करीब 6ः45 बजे बड़े तालाब पहुंचा जहां भक्तों द्वारा गणपति जी की महाआरती की गई इसके बाद भव्य आतिशबाजी मंडल द्वारा की गई और नौकायान से गणेश मूर्ति को कस्बे के शिवालय सरोवर में ले जाकर विसर्जित किया गया । जहाँ चारो ओर का माहौल गणपति के नारों से गूंज उठा और अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ विसर्जन किया गया । कार्यक्रम में गणेश मित्र मंडल के दिलीप नामा, ओम जांगिड़, मोनू कुशवाहा, गणेश कुशवाहा,विकास मिश्रा, लक्की अजमेरा, अमर गुर्जर, पिंटू सिंह,सोनू खारोल, हनुमान शर्मा, सीताराम गुर्जर, शम्भू दयाल मिश्रा, घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, मीडिया प्रभारी कुमुद जैन,शिवाड़ समाज जयपुर अध्यक्ष नवल जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

**जेसीबी से कुशवाहा मोहल्ला में बरसाये फूल और गुलाल :** विसर्जन जुलूस में कस्बे के कुशवाहा मोहल्ले में जेसीबी से गणेश जी के फूल बरसाये गए और लोगो पर गुलाल डाली गई । गणेश मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा गणपति जी पर जेसीबी से फूलों की बारिश की गई ।

## तेजाजी मेले में कच्ची घोड़ी नृत्य रहा लोगों के आकर्षण का केंद्र



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव कनेसर में सोमवार की रात को तेजाजी मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया जिसमें भजन मंडलियों ने अलगोजा की मधुर धुन पर तेजाजी के भजनों की प्रस्तुतियां दी । मेले के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कच्ची घोड़ी नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया राजेश कनेसर ने बताया कि मेले में दर्जन भर गांवों से आए सैकड़ो लोगों ने तेजाजी के दर्शन किए श्रद्धालुओं ने धोक लगाकर खुशहाली की कामना की । इस अवसर पर , सुरज्ञान, सैनी, माणकचन्द प्रजापत, धर्मराज सैनी,राजू यादव,पूरण सैनी, शिवनाथ, रामकेश , राजेन्द्र,रूपनारायण सैनी,राकेश यादव,गायक महेंद्र गौतम,बाबूलाल सैन, लक्ष्मी नारायण गौतम,विनोद स्वामी,डॉ मुकेश गुर्जर, सहित मेला समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## केबल पड़े करीब 2 माह होने को मगर विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतज़ार ठेकेदार कर रहा अनदेखी लोगो को बार-बार आती जाती लाइट से हो रही परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे में विधुत विभाग का कनिष्ठ अभियंता का पद कार्यवाहक के भरोसे होने से यहां बिजलीं विभाग में पोल मची हुई है । आये दिन ट्रिपिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है मगर विभाग का इस ओर ध्यान नही है । कस्बे में सावन से पूर्व खराब केबल को बदलकर बड़ी स्कूल से मुख्य बाजार तक केबल बदलने का कार्य होना था मगर उस समय केबल उच्च अधिकारी की अनदेखी से नही आई उसके बाद सावन के पहले दिन केबल उपलब्ध हुई तो शिवाड़ में प्रसिद्ध घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में सावन महोत्सव का आगाज हो चुका था ऐसे में केबल एक माह तक इस महोत्सव में निर्बाध लाइट सप्लाई के कारण नही डाली गई उसके बाद केबल सावन के बाद डाली जानी थी जो तक नही डाली गई । सावन के बाद भादवा भी पूरा हो चुका है जो विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियो की लापरवाही को दिखाने को पर्याप्त हैं। मामले को लेकर अधीक्षण अभियंता तक को पता है फिर भी कस्बे के मुख्य रास्ते मे ठेकेदार और कर्मचारी नही आने से ये केबल खेचने का कार्य नही हो रहा है और आये दिन पुरानी केबल जल रही है जिसे पुन: काट कर सही कर विभाग द्वारा इतिश्री की जा रही है विभाग के ठेकेदार और कर्मचारियो में किसी उच्च अधिकारी का कोई डर नही है और वो 2 माह से केबल को रखे हुए है जबकि एक दिन में केबल खेचने का कार्य होना है मगर उच्च अधिकारी द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया जब ये कार्य विभाग द्वारा करवाना ही नही था तो फिर केबल क्यो भेजी गई । और 15 दिन बाद नवरात्रे आ जाएंगे तो उसके बाद दीवाली आ जायेगी ऐसे में कोई हादसा हो जाता है या बार बार बिजलीं आती जाती रही तो कौन जिम्मेदार होगा ।

विसर्जन जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

# अगले वर्ष जल्दी आने की कामना के साथ गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

### समूचा शहर गणपति के जयकारो से गूंज हुआ गणपति मय, चारो ओर गणपति बप्पा मोरिया, गणेश जी के जयकारे सुनाई दिए

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** हिन्दू समरसता मंच एवं गणपति महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शहर में विशाल एवं भव्य गणपति प्रतिमा विसर्जन का जुलुस निकाला गया। शहर में एक सो से अधिक स्थानो पर गणेश चतुर्थी के दिन से स्थापित गणेश प्रतिमाऐं अपने अपने स्थापित स्थान से चलकर व्यास सर्किल पहुंची। यहां सभी प्रतिमाओं का महासंगम हुआ। व्याससर्किल से बेण्डबाजो अलगोजा ढोलक झांझया की धुनो के साथ विसर्जन का महाजुलुस रवाना हुआ।

जुलुस में शामिल शहरवासियो ने गणेश जी महाराज के जयकारो सहित गणपति बप्पा मोरिया व अगले वर्ष फिर जल्दी आने की कामना व गणेश जी महाराज के जयकारो से शहर को गूंजायमान करते हुए आगे बढ़े। लगभग एक किलोमीटर एवं विशाल विसर्जन जुलुस का आगे का हिस्सा सुभाष सर्किल पह्ुंचा तो सबसे पीछे का हिस्सा व्यास सर्किल से भी काफी पीछे तक रहा। आयोजन समिति की ओर से सुभाष सर्किल पर अभिनन्दन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन रमाकान्त पाठक द्वारा किया गया।

**तेजाजी घाट पर विसर्जित हुई प्रतिमाऐं**

सुभाष सर्किल से दुबारा रवाना हुआ जुलुस गांधी पार्क, अस्पताल रोड, माणक चोक बाजार, पुरानी तहसील होते हुए बम्ब तालाब किनारे स्थित तेजाजी घाट पहुंचा। जहां सभी गणेश प्रतिमाओं को भारी सुरक्षा , गोताखोरो की मौजुदगी में अगले वर्ष फिर आने की कामना के साथ विसर्जित किया गया। जुलुस में उमड़े अपार जन सैलाब द्वारा गणेश जी महाराज के जयकारो व गणपति बप्पा मोरिया के जयकारो से समूचे शहर को गूंजायमान कर पूरे शहर को गणेशमय बनाया।

**ये रहे सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद :** समारोह में सम्मानीय अतिथि के रूप में हरियाणा ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला, नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन, वरिष्ठजन रामबाबू पारीक, पूर्व पार्षद धनरूप शर्मा, अवधेश शर्मा, गोपाल गुर्जर मौजुद रहे।

**इन्होंने किया स्वागत :-** सभी अतिथियो का श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक मोतीलाल कारवाल, डॉ. राजकुमार गुप्ता, त्रिलोक चन्द विजय, पुरूषोतम पटवारी, ज्ञानचन्द जैन सहित अन्य कई प्रबुद्धजनो ने स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया।




**चाक चोबन्द रही सुरक्षा व्यवस्था**

गणपति विसर्जन के जुलुस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। थानाधिकारी मालपुरा चेनाराम बेड़ा ने जुलुस की सुरक्षा व्यवस्थाओ को देखा। वहीं जुलुस के व्यास सर्किल से रवाना होने से पहले यातायात पुलिस कर्मी तैनात कर यातायात को सुव्यवस्थित किया गया। जुलुस के साथ पुलिस व आरएसी के जवान सहित सादी वर्दीधारी पुलिस के जवान तैनात रहे। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि जुलुस के दौरान ड्रोन केमरे से भी निगरानी की गई।

## प्रधानमंत्रह आवास योजना में बीस लाभार्थियों को दिया गया योजना का लाभ

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** पंचायत समिति मालपुरा के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मौजूद योजना के लाभार्थियों एवं अन्य मौजुद ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आम जन स्वयं आगे आवें और योजना का लाभ प्राप्त की मुख्य धारा में शामिल होवें। उन्होंने कहा कि सरकारे आम जन के हितो एवं विकास को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाऐं लागू करती है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर आम जन व पात्र जागरूक रहे और योजनाओं का निश्चित समय में लाभ प्राप्त करें। विकास अधिकारी सतपाल ने प्रधानमंत्री योजना के लाभार्थियों से आव्हान करते हुए कहा कि इस योजना में जिन लाभार्थियों ने लाभ ले लिया है वे शीध्र अपना आवास पूर्ण करें और नए लाभार्थी योजना के सभी नियमो का पालन करते हुए निर्धारित समय पर आवास का निर्माण कर योजना का पूर्ण लाभ लेवें। इस दौरान पंचायत समिति के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पंचायत समिति मालपुरा द्वारा कार्यक्रम के दोरान क्षैत्र की राजपुराख चावण्डिया, देशमां, झाड़ली, डूंगरीकला, सिंधोलिया, डिग्गी, चैनपुरा, मलिकपुर व कचौलिया सहित दस ग्राम पंचायतो के दस लाभार्थीयों के पीएम आवास योजना के आवास निर्धारित समय में पूर्ण कर लेने पर गृह प्रवेश का अवसर प्रदान कर नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपी। इसके अलावा क्षैत्र के राजपुरा, पीपल्या, रामसिंहपुरा, देशमां, घाटी, दोराई, डिग्गी, डेंचवास, मलिकपुर व कचौलिया दस गांवो के नए लाभार्थियों के लिए पीएम आवास की स्वीकृतियां जारी की गई। जाट ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दोरान सहायक अभियन्ता महेन्द्र कुमार जैन, पंचायत प्रसार अधिकारी रामेश्वर प्रसाद जाट, गणेश शर्मा सहित अन्य पंचायत समिति के सभी अधिकारी कर्मचारी व भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजुद रहे।

## रामलीला के निर्विघ्न रूप से सम्पन्न होने की कामना को लेकर गणेश जी को न्योता सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रामलीला आयोजन एवं दशहरा महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में शारदीय नवरात्रा के पावन अवसर पर आयोजित किए जाने वाले रामलीला महोत्सव के निर्विघ्न रूप से सम्पन्न करवाने की कामना के साथ प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज को न्यौंता गया। मंगलवार को दोनो समितियों से जुड़े लोग माणक चोक बाजार स्थित गणेश मन्दिर में एकत्रित हुए। जहां सेवारत पण्डित ने श्री गणेश जी महाराज की पूर्ण विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। वहीं महाआरती की जाकर रामलीला महोत्सव के लिए प्रकाशित निमन्त्रण को अर्पित किया गया। अंत में प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान दशहरा महोत्सव समिति अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन, रामलीला आयोजन समिति अध्यक्ष अवधेश शर्मा, रमेश शर्मा, कैलाश सोनी, भागचन्द बावड़ी, रामचन्द्र नामा, राजेन्द्र कोठारी, डॉ. अंकित जैन, नवरतन बिड़ला सहित अन्य कई प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

## ट्रक की टक्कर से एक पशुपालक व तीन भैसों की हुई मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सडक पर शव रखकर लगाया जाम



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कौथून- लालसोट सडक मार्ग पर स्थित गांव करेडा बुजुर्ग के समीप बाइपास पर ट्रक की टक्कर से एक पशुपालक व तीन भैंसों की मौत हो गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सडक मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे एनएच 11ए पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई और वाहन चालक बहुत परेशान नजर आए। सडक पर जाम की सूचना पर दत्तवास थानाधिकारी हेमंत जनागल मय पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

ग्रामीणों ने थानाधिकारी को बताया कि कौथून- लालसोट सडक मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। करेडा बुजुर्ग में अंडर पास बनाया जाए तथा मृतक पशुपालक के परिवार को आर्थिक सहायता राशि और मृत भैंसों का मुआवजा तत्काल दिया जाए। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। जिसके बाद थानाधिकारी ने उच्चाधिकारियों को ग्रामीणों की मांग के बारे में अवगत कराया। थानाधिकारी ने बताया कि सोमवार की शाम को करीब 6 बजे अपनी भैसों को चारा चरवा कर घर लौट रहा था। इसी दौरान एक ट्रक के चालक भैंसों और पशुपालक के टक्कर मार कर फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। ग्रामीणों की सूचना पर दत्तवास थानाधिकारी ने ट्रक को पकडने के लिए लालसोट पुलिस को नाकाबंदी करवाने सूचना दी। जिस पर लालसोट पुलिस ने ट्रक को पकड लिया।

लेकिन ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के शव को सडक पर रखकर प्रदर्शन करने लगे तथा पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा पहुंचे और ग्रामीणों की बात सुनकर सभी प्रकार की आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाईस से ग्रामीणों जाम हटाया। जिसके बाद मौका पर्चा बनाकर कर पुलिस शव को सीएचसी निवाई में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को झुंझुनूं में उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में टोंक के कृषि ऑडिटोरियम से जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं सफाई मित्र सहित विभिन्न अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने जिला प्रमुख सरोज बंसल से वर्चुअली संवाद कर जिले में स्वच्छता को लेकर लोगों की आदत में बदलाव को लेकर किये जा रहे कार्यों की चर्चा की। जिला प्रमुख ने बताया कि स्वच्छता अभियान को जिले में जनआंदोलन का रूप लिया जाकर जन जागरूकता के माध्यम से जिले में खुले में शौच की आदत को समाप्त कर इसमें काफी हद तक सुधार लाया गया है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में तरल कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में काम किया गया। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तर्ज पर घर-घर कचरा संग्रहण व नियमित साफ-सफाई के प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही, उप राष्ट्रपति धनखड़ ने वार्ड नंबर 50 की महिला रामकन्या मेघवंशी से स्वच्छता को लेकर बातचीत की।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को वितरित किए आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र :** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के वर्चुअली संवाद कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लाभार्थियों को राशि हस्तांरण व गृह प्रवेश के लिए कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में कृषि ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री श्री नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में करोड़ों लोगों के घर का सपना पूरा हुआ है। देश के हर गरीब को पक्का मकान देने के संकल्प एवं जन-जन की भागीदारी से 3 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण संभव हो पाया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सस्ते और उचित आवास उपलब्ध कराना है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 20 लाभार्थियों को गृह प्रवेश के लिए प्रतीक स्वरूप आवास की चाबी सौंपी तथा 20 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवीन आवास की स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2024-25 में जिले के कुल लक्ष्य 5 हजार 112 के विरूद्ध 4 हजार 812 आवास स्वीकृत हो चुके है। शेष आवासों की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।

**मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान किए वेलकम किट :** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया।

इस दौरान मां वाउचर योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने जयपुर से वीसी के माध्यम से जिलों से चयनित कार्मिकों से संवाद किया। साथ ही, जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। जिला प्रभारी मंत्री श्री नागर ने नव नियुक्त कार्मिकों को मुख्यमंत्री का संदेश और उन्हें वेलकट किट प्रदान किया। कार्यक्रम में निवाई-पीपलू विधायक श्री रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, सीईओ परशुराम धानका, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, एसीईओ ललित कुमार, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दस दिन के उपवास कर तप और त्याग करने वालो की बिन्दोरी आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** सकल जैन समाज की ओर से दशलक्षण महापर्व के दौरान दस दिन का उपवास करने वाले त्यागी तपस्वीयो की बिन्दोरी का जुलुस बुधवार को निकाला जाएगा। मालपुरा के जैन मौहल्ला स्थित एडवोकेट कृष्णकांत जैन एवं उर्मिला छाबड़ा द्वारा दस दिन के उपवास कर त्याग एवं तपस्या की गई।

इन दोनो तपस्वियों की बुधवार को विशाल एवं भव्य बिन्दोरी का जुलुस निकाला जाएगा। इस बाबत जानकारी देते हुए नरेन्द्र कुमार जैन नीटू एवं सुनील कुमार जैन ने बताया कि बुधवार को 12.30 बजे श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मन्दिर चौधरियान से जुलुस रवाना होगा। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य मार्गो से होकर गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पहुंचेगा। जहां दोनो तपस्वी आर्यिका विष्णु प्रभा माताजी एवं सुरम्यमती माताजी से आर्शिवाद प्राप्त करेगें। इसके पश्चात बिन्दोरी का जुलुस रवाना होकर वापस अपने प्रारम्भ के स्थान पर पहुंच कर विसर्जित होगा।

# रोजगार के अवसरों से युवाओं के सपनों को साकार करेंगे : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में प्रदेश के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान किए नियुक्ति-पत्र व वेलकम किट, विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास आयोजित हुआ

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में मंगलवार को द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति- पत्र व वेलकम किट प्रदान किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम में पीएम आवास योजना (शहरी व ग्रामीण) में निर्मित आवासों के लाभार्थियों को चाबी सौंपकर गृह प्रवेश करवाया गया तथा 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। मुख्यमंत्री शर्मा ने वीसी के जरिए प्रदेशभर से नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद किया तथा राजकीय सेवा के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार युवाओं को भर्तियों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाते हुए उनके सपनों को साकार करेंगे। प्रदेश सरकार पांच वर्षों में 4 लाख युवाओं को नौकरी देकर उनका भविष्य सुरक्षित करेगी। प्रदेश सरकार 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' के संकल्प के साथ खुशहाल राजस्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण व शिलान्यास किया।

**नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान किए नियुक्ति -पत्र व वेलकम किट :** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ श्वेता कोचर, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल सहित, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, रोजगार सहायक निदेश वर्षा जानू, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी सहित अतिथियों ने चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कविता, सुमन कस्वां, पूनम कुमारी शर्मा, अंजू, अनिता कुमारी, डिंपल, सरिता, संतोष, अनिता मीणा, ममता, डॉ गरिमा, प्रियंका स्वामी, डॉ मुकनी सहित कार्मिकों को नियुक्ति-पत्र व वेलकम किट प्रदान कर बधाई दी।

**पीएम आवास योजनान्तर्गत लाभार्थियों को चाबी सौंपकर करवाया गृह प्रवेश :** इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ श्वेता कोचर, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल सहित अतिथियों ने पीएम आवास ( ग्रामीण ) योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में निर्मित आवासों के लिए सुनील कुमार, नियामत, श्योचंद, प्रताप सिंह, जुलैखा, महेन्द्र कुमार, सीताराम, ओमप्रकाश, कुम्भाराम, शीशराम, जगदीश प्रसाद, लीलाधर, इमरता देवी, गायत्री देवी, गीता देवी सहित लाभार्थियों को श्रीफल भेंटकर, शॉल ओढ़ाकर व चाबी सौंपकर गृह प्रवेश की तथा वर्ष 2024-25 में निर्माण हेतु स्वीकृति जारी कर राजूराम, कविता देवी, प्रेम कुमार, कृपाराम, राजवीर, ममता देवी, संतोष देवी, भंवरी देवी, विनोद देवी, शारदा देवी, पूजा देवी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीएफओ भवानी सिंह, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, एसीपी नरेश टुहानिया, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, एपीआरओ मनीष कुमार, जिला साक्षरता अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया, सुरेश शर्मा, दीनदयाल सैनी, राकेश दाधीच, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आमजन व नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का हुआ आगाज



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का मंगलवार से आगाज हुआ। इस मौके पर नगर निगम अलवर द्वारा चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सफाई से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित होगी। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का आगाज नगर निगम अलवर द्वारा मंगलवार सुबह सागर जलाशय पर मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा और नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर ने स्थानीय निवासियोंए नगर निगम के अधिकार/कर्मचारी और सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता और जिला कलेक्टर डॉ.अर्तिका शुक्ला सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मौके पर उपस्थित सफाई कर्मचारियों से आह्वान किया कि सभी सफाई कार्य के दौरान स्थानीय निवासियों से अपील भी करें कि सफाई व्यवस्था में सभी अपना सहयोग दें और घर से निकलने वाला कचरा निर्धारित स्थान पर डालें। साथ ही ऑटो टिपर में गीला और सूखा कचरा डालें ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बनी रहे। वहीं नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन अवसर पर शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़े के तहत अलवर नगर निगम क्षेत्र के सागर जलाशय के पास श्रमदान किया जा रहा है। साथ ही शहर के समस्त वार्डों में भी इसी तरह आगामी 15 दिनों तक अभियान चलाकर विशेष सफाई व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रमदान कार्यक्रम में नगर निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। नगर निगम अलवर के आयुक्त युवराज युधिष्ठिर मीणा ने बताया कि समस्त वार्डों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। कार्यक्रम में पार्षद दुलीचंद सेन, पदम सैनी, अविनाश खंडेलवाल, सुरेश वाल्मीकि, सुनील चौधरी, लोचन यादव, रमाकांत यादव और भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रवि यादव, मनोज चौहान सहित अनेक लोग मौजूद रहे। पराती में भरा कचरा, खुद टीपर में डाला। मंत्री ने श्रमदान कार्यक्रम के दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री भी सफाई व्यवस्था को लेकर बेहद जागरूक दिखाई दिए। उन्होंने स्वयं फावड़ा उठाकर कचरा परात में भर और नगर निगम के ऑटो टिपर में डाला। इसी दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने भी झाडियों को फावड़े से काटा। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित अनेक पार्षद भी उनके साथ शामिल रहे।

द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित

# नवनियुक्त कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र, विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटपूतली जिले के पीएम कुसुम सी योजना के लाभार्थी बलवीर मोगा से संवाद किया

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को जयपुर में द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाडे की शुरूआत, माँ वाउचर और नमस्ते योजना का शुभारम्भ, नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपने और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करने के साथ-साथ पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए। इसी क्रम में राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र दिए गए।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटपूतली जिले के पीएम कुसुम सी योजना के लाभार्थी बलवीर मोगा से संवाद किया जिसमें बालवीर मोगा ने इस योजना को किसान भाइयों के लिए बेहतर लाभकारी बताया और कहा की यह योजना खेती-किसानी के लिए एक क्रांति लाने वाली योजना है जिसमें किसान स्वयं ही अपने खेत में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पैदा कर सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों के कल्याण के लिए लाई गई है, उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान भाइयों के लिए दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है कि किसानों को बिजली के उपलब्धता दिन के समय उपलब्ध हो जिससे हमारे किसान कर्मचारियों की तरह 10 से 5 बजे तक खेती-किसानी कर सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अन्य किसानों को भी इस योजना का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया।राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े जिला स्तरीय आयोजन में जयपुर संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता,कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल,बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, एडीएम ओम प्रकाश सहारण द्वारा पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए। इसके साथ ही लाभार्थियों को आवास योजना की चाबी, श्रीफल, मिठाई और पौधे भी भेंट किए गए।कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, एसडीएम बृजेश चौधरी, सीएमएचओ डॉ आशीष सिंह शेखावत, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव कृषि के संयुक्त निदेशक एमके जैन, हॉर्टिकल्चर के उपनिदेशक सरदार मल यादव, डीओआईटी उपनिदेशक सुनील मीणा, तहसीलदार सौरभ गुर्जर सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत उपखंड कार्यालय से नगर पालिका तक निकाली रैली, स्वच्छता का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**नीमराना ( नि.स. )।** नीमराना कस्बे के उपखंड कार्यालय पर मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 अक्टूबर से 2 अक्टूबर तक का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में नीमराना उपखंड अधिकारी पंकज बडगूजर ने सभी ग्रामीण व छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई।एसडीएम पंकज बडगूजर ने बताया कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। हमारा कर्तव्य की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें ।मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वच्छता की प्रति सजक रहूंगा। उसके लिए समय दूंगा हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।एसडीएम पंकज बडगूजर, तहसीलदार गंभीर सिंह, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि शिवचरण गुप्ता, उपचेयरमैन जशवंत यादव ने उपखंड कार्यालय से हरि झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली नीमराना के मुख्य मार्गो से होती हुई नगरपालिका कार्यालय पहुंची।इस अवसर पर पार्षद योगेंद्र चौहान,प्रदीप योगी, ममता देवी, सीमा जितेंद्र भारद्वाज, सुमन जगदीश प्रजापत,सतीश यादव, वीरेंद्र चौधरी,उपेंद्र गोस्वामी,सचिन गोस्वामी, रामस्वरूप,व्याख्याता सुरेश गुर्जर, पूजा यादव,सहायक कर्मचारी विजेंद्र निमोरिया,जितेंद्र भारद्वाज,विजयबड़सीवाल,महावीर यादव, राजेंद्र ठेकेदार अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

# स्वच्छता रैली को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने दिखाई हरी झंडी

## विभिन्न विद्यालय के बालक बालिकाओं ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान





**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला प्रशासन कोटपूतली बहरोड एवं नगर परिषद के सौजन्य से शहर में स्वच्छता ही सेवा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया नगर परिषद की ओर से आयोजित स्वच्छता रैली में विभिन्न निजी एवं राज्य के विद्यालयों के सैकड़ो बालक बालिकाओं ने भाग लिया और शहर को गंदगी मुक्त करने एवं स्वच्छ रखने का संदेश दिया। रैली को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए एलबीएस ग्राउंड पहुंची जहां सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा कार्य का भी आयोजन किया गया रैली से पूर्व जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव सीएमएचओ डॉक्टर आशीष शेखावत, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी,नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा सैनी सहित अन्य अधिकारियों ने शहर को स्वच्छ रखने की शपथ ली ।

**एक और स्वच्छता रैली और एक और शहर में गंदगी का अंबार :** एक और जहां कोटपूतली शहर में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो शहर में जगह-जगह गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। नालियों में कचरा अट्टा पड़ा है साफ सफाई का कहीं नामो निशान भी नहीं है शहर में फैले कचरा और गंदगी की वजह से बीमारियां बढ़ रही है लोगों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है इसके लिए नगर परिषद के पार्षदों सहित आम जनता द्वारा नगर परिषद अधिकारियों एवं प्रशासन को अवगत भी कराया लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं।सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार तो पार्षद सरदार स्कूल के बाहर धरने पर भी बैठ गए थे पार्षद प्रमोद गुरुजी ने बताया कि नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने समझाइश कर धरने को समाप्त करवा दिया। इसके बाद नगर परिषद के समस्त पार्षदों द्वारा संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता , जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन भी सौपा है।

# पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर अलवर मे मकान नंबर 346 स्कीम नं0 2,अलवर, निवासी श्रीमती हरबंश कौर धर्मपत्नी स्व0 सरदार हरबंश सिंह के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि समाजसेवी सरदार हरमीत सिंह मेहंदीरत्ता जी ने उनके पुत्र अमरीक सिंह एवं उनके परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया,तदउपरांत परिवार की सहमति के बाद सरदार हरमीत सिंह मेहंदीरता ने डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर अलवर को फोन करके नेत्रदान के लिए कहा। उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टर की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। अमरीक सिंह अदब ने अपनी माता जी के नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी।

# इंजीनियर राजदीप शर्मा को जयपुर में सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** दी इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया राजस्थान स्टेट सेंटर जयपुर द्वारा 57वां इंजीनियर्स दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री वी0 सरवण कुमार आईएएस सचिव एवं आयुक्त विज्ञान एवं तकनीकी विभाग राजस्थान जयपुर तथा विशिष्ट अतिथि इंजी0 टीसी गुप्ता मुख्य अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राहुल सिंघवी निदेशक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर के तथा आयोजन कर्ता इंजी0 महेंद्र चौहान अध्यक्ष आर एस सी जयपुर सचिव डॉक्टर हेमन्त् गर्ग तथा एस एस यादव स्टेट काउंसिल मेंबर थे। जिनके द्वारा इंजी0 राजदीप शर्मा को इंजीनियरिंग के फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 57वे अभियंता दिवस पर एमिनेंट इंजीनियर के रूप मे सम्मानित किया गया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का किया शुभारंभ श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य व जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल से स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन के लिए स्वच्छता पहली प्राथमिकता है। स्वच्छ व स्वस्थ परिवेश से बेहतर स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी आमजन 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' में समायोजित होकर अभियान को सफल बनाएं तथा परिवेश को शुद्ध व स्वच्छ बनाए रखने में अपना योग दें। उन्होंने उपस्थितों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिला कलक्टर शेखावत ने कहा कि सभी शहरवासी नागरिक दायित्व को समझते हुए परिवेश को स्वच्छ बनाएं। कचरे का बेहतरीन प्रबंधन करें तथा वेस्ट से बेस्ट की तकनीक पर कचरे का प्रबंधन किया जाए। 02 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' में सभी अपनी भागीदारी निभाएं तथा स्वस्थ प्रकृति में अपना सहयोग दें।

# अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ शहरवासियों ने नम आँखों से दी गणपति बप्पा को विदाई

## भव्य शोभायात्रा में सजी अनेक झांकियां, 7 महिला अखाड़े हुए शामिल, संत भी आए

● नए और पुराने कोटा में उमड़ा भक्ति का सैलाब ● अखाड़ों में पुरुषों के महिलाओं ने भी दिखाए हैरतअंगेज करतब

बढ़ता राजस्थान







**कोटा (का.स.)।** अनंत चतुर्दशी पर मंगलवार को शहरवासियों गाजे बाजे के साथ भीगी आंखों से बीते दस दिनों से घरों और शहर में बने के पांडालों में विराजित गणेश जी को अगले साल जल्दी आने की कामना के साथ विदा किया। इसके साथ ही गणेश महोत्सव संपन्न हो गए। शहर में गणेश प्रतिमा के विसर्जन से पहले शोभायात्रा निकाली गई। शहर में सबसे बड़ी शोभायात्रा सुरजपोल गेट से शुरू हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गणपति की इसके बाद करीब 12.30 बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए गणेश विसर्जन वाले स्थान पर पहुची। शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत द्वार लगाए गए थे और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

### शोभायात्रा में सजी झांकियां, संत आए

शोभायात्रा में 73 अखाड़े, 135 झांकियां, 10 भजन मंडलियां, 7 महिला अखाड़े और 5 डांडियां मंडलियां शामिल थी। करीब 3 लाख से ज्यादा लोग इस भव्य शोभायात्रा क साक्षी बने। इस बार कोटा से बाहर के 9 प्रमुख संतों को भी बुलाया गया। गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन किशोरसागर तालाब की पाल स्थित बारहदरी के पास हुआ। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनंत चतुर्दशी महोत्सव आयोजन समिति के 150 दंडधारी कार्यकर्ता और 3500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहे। ड्रोन के जरिए भी पूरे जुलूस मार्ग पर नजर रखी गई। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। रात करीब आठ से नौ बजे झांकी में शामिल पहली प्रतिमा का विसर्जन हुआ। इसके बाद जैसे जैसे झांकिया आती गई गणेश प्रतिमा के विसर्जन का सिलसिला बढ़ता गया।

**महिलाओ ने भी दिखाए अपने हाथ :** शोभायात्रा में शामिल कई अखाड़ों के न केवल पुरुषों ने बल्कि कई महिलाओं ने भी अपनी शक्ति का परिचय दिया तो कई स्थानों पर बच्चों ने भी अचरज करने वाले करतब दिखाए।





# सिद्धि विनायक मंडल प्रांगण में विशाल भंडारे का हुवा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(नि.स.)। झालावाड़ जिले चौमहला कस्बे में नगर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश जी की स्थापना की गई ,जंहा प्रतिदिन विधि विधान से पूजा आरती व विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे है ,इसी क्रम में दस दिवसीय गणेश महोत्सव के विसर्जन की पूर्व संध्या पर सिद्धि विनायक मंडल के तत्वाधान में नगर वासियो के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।

जिसमे नगर सहित आसपास के ग्रामीणों ने गणेश जी की महा प्रसादी ग्रहण की ,इस अवसर पर श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ पड़ा ।इस भंडारे में सभी नगरवासियों ने तन मन धन से सहयोग किया ,वही पूरे भंडारे के दौरान सीताराम वर्मा व रवि मालवीय ने माइक संचालन कर व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान दिया ।जो सराहनीय कार्य रहा है । भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओ से विनती करते रहे झूठा न छोड़े यह भगवान का प्रसाद है।

इसके अलावा नगर के सभी व्यापारी बंधु व समाज सेवी , गौतम ओसवाल ,सरपंच प्रतिनिधि अशोक भंडारी ,कान्हा राठौर ,शिव मंडल अध्यक्ष प्रदीप डोसी ,विनोद मोदी , अशोक गायरी ,व्यापार संयोजक दिलीप जैन,सिद्धि विनायक मंडल के सभी सदस्यों सहित सभी पत्रकारो ने व्यवस्था व स्थिति पर नजर बनाए रखी ।वही महिला मंडल की टीम ने भी अभूतपूर्व कार्य किया महिला भंडारे के स्टालों पर अपनी सेवाएं देकर अमूल्य सहयोग किया ।पुलिस प्रशासन का भी व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा में पूरा पूरा सहयोग रहा जो सराहनीय है।

# अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालुओ ने कपासन में विधि-विधान एवं विशाल शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा को विदा किया

## भक्तो में झूमते-नाचते गणपति बप्पा मोरया आदि जयकारे गुंजायमान रहे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** अनंत चतुर्दशी पर्व पर प्रथम पूज्य श्री गणेश जी को विशाल शोभायात्रा एवं विधि विधान के साथ विसर्जन कर विदा किया गया ।इस दौरान चहुंओर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ,देवा ओ देवा गणपति देवा आदि जयकारे गुंजायमान रहे।

जानकारी अनुसार दस दिवसीय गणेश महोत्सव पर्व के अंतिम दिवस मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर क्षैत्र के विभिन्न पांडालों में विराजमान गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा विसर्जन कर बप्पा को विदा किया गया ।नगर क्षैत्र में करीब दस सार्वजनिक स्थलों पर श्रद्धालुओ द्वारा गणपति बप्पा की आकर्षक प्रतिमाओं को विधिवत विराजमान किया गया ।साथ ही दस दिवसीय गणेश महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हुवे ।जिसमे क्षेत्रीय श्रद्धालुओ सहित युवा वर्ग ने बढ़चढ़कर भाग लेते हुवे गरबा नृत्य,सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का लुत्फ उठाया ।इसके उपरांत अनंत चतुर्दशी पर प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं आराधना के साथ आयोजन स्थलो से गणपति बप्पा की धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गयी ।शोभायात्रा में महिला,पुरुष,युवक-युवतियां एवं बच्चो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भक्तिरस से ओतप्रोत होकर गणपति बप्पा को जल में विसर्जित कर विदा किया गया ।शोभायात्रा में भक्तो एवं श्रद्धालुओ में विभिन्न प्रकार के प्रसाद का वितरण किया गया ।जिसमे नया बाजार सुनारिया मंदिर के यहां पूर्व पार्षद दलबीर सिंह एवं भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष बलजीत कौर बग्गा परिवार की और शोभायात्रा में शामिल भक्तो हेतु शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी। नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलो पर विराजित श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का नगर कपासन के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहे पर समागम होकर विशाल शोभायात्रा का भव्य प्रारंभ हुआ ।जिसमे देवा ओ देवा गणपति देवा,गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ आदि बप्पा की भक्ति एवं आराधना से ओतप्रोत गीत भजन व जयकारे गुंजायमान रहे ।नगर क्षेत्र कपासन के लोड़कीया चोक,गोतम आश्रम,नंदवाना समाज भवन,शिवशक्ति नगर,रेलवे स्टेशन,चित्तौड़ मार्ग, गोपालद्वारा,खादी भंडार, पूर्बिया मोहल्ला आदि स्थलो पर विराजमान श्री गणेश प्रतिमाओं को अनंत चतुर्दशी पर विधि-विधान एवं महाआरती के साथ भक्तो एवं श्रद्धालुओ की उपस्थिति में विदा किया गया ।इस दौरान शांति एवं सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा तथा शोभायात्रा मार्गो की साफ सफाई एवं व्हाइट लाइन आदि माकूल व्यवस्थाओं हेतु नगर पालिका प्रशासन सक्रिय रहा।

# नागर-सागर कुंड पर श्रमदान के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

## जिला कलक्टर व नगर परिषद सभापति ने स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** देश में स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में मंगलवार को 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाडे का शुभारंभ हुआ। जिला कलक्टेड्ट परिसर से जिला कलक्टर अक्षय गोदारा नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने आमजन को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'स्वच्छता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से स्वच्छता का संदेश प्रसारित किए। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा ने बताया कि 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाडे के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही सफ़ाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन के साथ ही रंगोली के माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया जाएगा। इसके अलावा स्वच्छता शपथ भी दिलाई जाएगी।

### नागर-सागर कुंड पर हुआ श्रमदान

'स्वच्छता ही सेवा' पखवाडे के तहत शहर के ऐतिहासिक नागर-सागर कुंड पर श्रमदान कर साफ सफाई की गई। नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल व उपखंड अधिकारी एचडी सिंह ने कुंड की सफाई कर श्रमदान की शुरूआत की। इस मौके पर नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने कहा कि बूंदी शहर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए पखवाडे के तहत वृहद स्तर पर वार्डवार सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान उपसभापति लटूर भाई, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, स्वच्छ भारत मिशन के जिला परियोजना समन्वयक निजामुद्दीन, वार्ड पार्षद मुकेश माधवानी सहित गणमान्य नागरिक एवं आमजन मौजूद रहे।

### स्वच्छता की दिलाई शपथ

नागर-सागर कुंड पर श्रमदान के दौरान नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ भी दिलाई।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव संवाद

## कोटा जिले के 235 कार्मिकों को मिली नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के 8 हजार 32 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। कोटा जिले के 235 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति मिली। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रतीकात्मक रूप में 9 नवनियुक्त कार्मिकों को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ऑडिटोरियम में वन रक्षक तेजपाल गुर्जर, हरिराम तंवर, कपिन्द्र मीणा, महावीर तेतरवाल, झांसीराम यादव, सुनील कुमार, विनोद कुमार, सत्यपाल एवं विद्याधर सिंह को प्रतीकात्मक नियुक्ति पत्र दिये गये। कोटा जिले में जिन युवाओं को नियुक्ति मिली है उनमें 127 एएनएम, 18 शिक्षक लेवल प्रथम एवं वरिष्ठ शिक्षक, 75 वन रक्षक, 4 कांस्टेबल, 4 कनिष्ठ विधि अधिकारी, 2 पशु चिकित्सक एवं 1 सहायक अभियंता शामिल हैं। 4 युवाओं को अनुकम्पात्मक नवनियुक्ति मिली। इनमें 2 मेडिकल कॉलेज, 1 जिला उद्योग केन्द्र, 1 को आयुष चिकित्सालय में अनुकंपा नियुक्ति दी गई।

# गणपति बप्पा को अगले बरस तू जल्दी आ के साथ भाव भीनी विदाई दी

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे सहित गणेश चतुर्थी से अंनत चतुर्दशी तक चलने वाले 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आनन्द और उल्लास अपने चरम सीमा तक पहुँचने के बाद गणेशोत्सव के विसर्जन समारोह का हर्षोल्लास नगर के हर गली हर मोहल्ले में भक्ति के रंग से सरोबार दिखाई दे रहा था ।बड़ी-बड़ी आकर्षक व सुंदर गणेश प्रतिमाएं भक्तों को अपनी और आकर्षित कर रही थी महिलाएं व पुरुष बच्चे क्या जवान व क्या बड़े सभी आकर गणपति बप्पा को नमन कर उनका आशीर्वाद ले रहे थे ।इस श्रद्धा व विश्वास के साथ कि श्री गणेश जी महाराज उनकी सभी मनोकामना पूर्ण करेंगे। सुबह हर गली मोहल्ले में स्थापित गणपति बप्पा की विधि विधान से पूजा कर नैवेद्य का भोग लगाकर उनको ट्रेक्टर ट्रॉली व रथ में साज सज्जा कर उनको बिठाकर बेंड बाजो व डीजे की धुन पर झूमते हुवे गणपति बप्पा मोरिया ,अगले बरस तू जल्दी आ के मधुर संगीत के साथ चल समारोह छोटी काली सिंध नदी पर पहुँचा ।जंहा उनको क्रेन से बाबा का विसर्जन किया ,इसके साथ ही भक्तजनों ने अपने घरों में भी गणपति बप्पा को विराजित किया था ।उनका भी विसर्जन किया गया ।इस दौरान नदी पर सैकड़ो भक्त जनो ने गणपति बप्पा को भाव भीनी विदाई दी।

# देशवाली समाज की ओर से बोरखेडा में अखाड़े के उस्तादों का हुआ सम्मान

## साफा बांधकर, दुपट्टा औढाकर किया सम्मान, कौमी एकता का दिया परिचय

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राजस्थान के सबसे बड़े महापर्व अनंत चतुर्दशी का जुलूस कोटा में जगह-जगह भव्यता के साथ निकाला गया। इसके एक दिन पूर्व ईद मिलादुन्नबी का जलसा बड़े ही जोर शोर से निकाला गया जिसमें हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया गया। अनंत चतुर्दशी के मौके पर बोरखेड़ा में प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान देशवाली की पूरी टीम ने सभी हिंदू भाई और अखाड़े के उस्तादों का साफा दुपट्टा पहनाकर और पुष्प वर्षा कर सभी का सम्मान किया साथ में डिप्टी योगेश शर्मा का भी साफा माला दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर हिंदू मुस्लिम एकता का पैगाम दिया गया, जो आजादी के पूर्व से चला आ रहा है, यह कोटा की खूबसूरती है। ईद मिलादुन्नबी के जलसे को भी हिंदू मुस्लिम भाई मिलकर बड़े जोर शोर से मनाते आए हैं। यह हमारी मोहब्बत है और हमे एक सूत्र में बांधे रखती है। देशवाली महासभा शिक्षा विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान देशवाली ने कहा कि कौमी एकता का संदेश देने के साथ ही गणपति से प्रार्थना की गई की देश में अमन शांति बनी रहे।

# निराश्रितों के बीच गूंजे बप्पा के जयकारे, सजल नेत्रों से दी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रोटरी क्लब सेंट्रल की ओर से एरोड्रम सर्किल स्थित अपना घर आश्रम पर स्थापित भगवान गणपति को अनन्त चतुर्दशी पर मंगलवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर गणेश उत्सव का समापन हुआ तो आश्रम में मौजूद निराश्रित बुजुर्गों के बीच गणपति बप्पा के जयकारे गूंज उठे। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर और क्लब की असिस्टेंट गवर्नर सुनीता काबरा ने बताया कि अपना घर आश्रम को भगवान गणेश की थीम पर सजाया गया था। वहीं भगवान गणपति की विदाई पर भजन संध्या की गई। जिसमें विजय मटाई और किशन मुद्गल ने गणपति के सुमधुर भजनों से आश्रम को गुंजायमान कर दिया। उन्होंने जय गणेश देवा.. मेरे बन जाए बिगड़े काम गजानन तेरे आने से.. सुखकर्ता दुखहर्ता.. गजानंद महाराज पधारो.. मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे.. घर में पधारो गजानंद जी.. गणनायक महाराज को प्रथम करां आह्वान... सरीखे भजन गाकर हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रेसीडेंट डॉ. जेएस सरोया तथा सेक्रेटरी भुवन सिंह गौड़ ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विनोद काबरा, सोनल शर्मा, तनवीर कोहली, रजनीत कौर राहुल सेठी कपिल टुटेजा तरुण गंभीर धीरज सचदेवा उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, कई कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बिहार समाज विकास समिति की ओर से महावीर नगर तृतीय चौराहे के पास स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सरक्षक संजय यादव व अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ मूर्ति स्थापना हवन यज्ञ आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रात्रि में मंदिर परिसर में भोजपुरी गायक धर्मेंद्र उजाला प्रीति प्यारी विनय सागर व प्रसिद्ध डांसर शिल्पी ने अपनी प्रस्तुति दी। भोजपुरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

## जिला कलेक्टर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिला स्तरीय समारोह और स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर परिषद ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का भी आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को नगर परिषद ऑडिटोरियम में वीसी के माध्यम से उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर ने मचकुंड तीर्थस्थल पर सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। जहां अतिरिक्त जिला कलेक्टर धीरेंद्र सिंह, नगर परिषद आयुक्त, प्रशासन के अधिकारी-कार्मिक, जनप्रतिनिधियों, सफाई मित्रों, विद्यार्थियों एवं आमजन ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने बताया कि केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके बाद 2 अक्टूबर को 'स्वच्छ भारत दिवस' मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2024-25 हेतु आवंटित लक्ष्यानुसार 25 पात्र परिवारों को प्रथम किश्त जारी कर गृह प्रवेश समारोह का भी आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला परिषद सीईओ सुदर्शन सिंह तोमर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

# पीएम मोदी के जन्म दिन पर लगाया रक्तदान शिविर

## कार्यकर्ताओं ने किया 201 यूनिट रक्तदान, युवा कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्म दिवस सेवा पखवाड़े के तौर पर मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 201 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, कांग्रेसियों ने मोदी का जन्मदिन बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। जिला अस्पताल ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला संगठन सहप्रभारी डॉ. लोकेश चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने की। ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर लोकेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का 74वां जन्मदिवस मनाया जा रहा है, जिसको लेकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश भर में सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर संगोष्ठियां अभी आयोजित की जाएगी।धौलपुर जिले में आयोजित शिविर के दौरान भाजपा प्रत्याशी धौलपुर डॉ. शिवचरण कुशवाह, राजाखेड़ा प्रत्याशी नीरजा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, युवा मोर्चा जिला संयोजक पुष्पेंद्र राजावत, जिला उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन, जिला मीडिया प्रभारी राजू गुर्जर, जिला मंत्री रामकुमार कुशवाहा और हरेंद्र राव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया मोदी का जन्मदिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्म दिवस को युवा कांग्रेस द्वारा बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष तरुण शर्मा ने कहा कि जब से मोदी सरकार आई है। धर्म के नाम पर राजनीति होने लगी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के विकास या कामकाज की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। देश के युवा विदेशों में कामकाज के लिए पलायन कर रहे हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगार दिवस को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के सामने बीच बाजार में पकौड़े तल कर विरोध जताया।

# राजाखेड़ा में 729 लाभार्थियों को मिला अपना घर : लोगों ने फीता काट कर किया गृह प्रवेश

## प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत हैं 1790 लाभार्थी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत लाभार्थियों परिवारों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी परिवारों ने विधि-विधान के साथ नवनिर्मित भवन का पूजन कर फीता काटकर घर में प्रवेश किया। गृह प्रवेश के समय लाभार्थी परिवारों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। कार्यक्रम के संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना के सीएलटीसी विशाल शर्मा और योगेश शुक्ला ने बताया कि राजाखेड़ा नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 1.0 के तहत 1790 लाभार्थियों में से 729 लाभार्थियों के पक्के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनका आज लाभार्थी परिवारों की मौजूदगी में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को पक्का घर मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पक्का घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन, सीएलटीसी विशाल शर्मा, योगेश शुक्ला, विजय सिंह उर्फ बॉबी और पीएम आवास योजना के लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का हुआ आगाज,विधायक ने खुद लगाया झाड़ू

## आमजन से अपील पीएम की मुहीम में करे सहयोग,सभी की जिम्मेदारी से ही होगा काम

## पालिका द्वारा चलाया जायेगा पखवाड़ा, गांधी जयंती तक विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान का मंगलवार को शहर की नगर पालिका द्वारा महाराणा प्रताप खेल मैदान में विधायक जसवंत सिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा एवं तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने स्थानीय निवासियों एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी सहित सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने मौके पर उपस्थित सफाई कर्मचारियों से आह्वान किया कि सभी सफाई कार्य के दौरान स्थानीय निवासियों से अपील भी करें कि सफाई व्यवस्था में सभी अपना सहयोग दें और घर से निकलने वाला कचरा निर्धारित स्थान पर डालें। विधायक गुर्जर ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वपूर्ण मुहिम को जब ही सफलता मिलेगी जब आमजन इस कार्य में अपनी भागीदारी जिम्मेदारी के साथ निभाएगा।

कार्यक्रम में एसडीएम राधेश्याम मीणा ने कहा की स्वच्छता जिस प्रकार शरीर की जरूरी है उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखना जरूरी है तब ही ?म स्वस्थ रह सकते है। ऐसे में हमे कचरे को एक स्थान पर एकत्रित करने के साथ उसको सही जगह पहुंचना भी जरूरी है जिसके लिए शहर की पालिका द्वारा चलाये जा रहे कूड़ा संग्रहण गाड़ियों में ऑटो टिपर में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालना होगा ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बनी रहे।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि मंगलवार से शुरू हुए इस अभियान में आगामी एक पखबाड़े तक शहर के समस्त वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। जिसमे पार्षद के नेतृत्व में सफाई कर्मी सफाई कार्य के साथ लोगो को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो।

कार्यक्रम में तहसीलदार मोहम्मद हनीफ, पार्षद होतम सिंह जाटव, वाइस चेयरमैन अहमद जमा खा, वरिष्ठ प्रारुपकार सुधीर कुमार त्यागी, पूर्व प्रधान धनीराम गुर्जर, पूर्व सरपंच बालकिशन अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज, ओमवीर सिंह चौधरी,पार्षद सुरजीत सिंह गुर्जर,हरिदेव शर्मा,पूर्व पार्षद लाखन सिंह यादव,मंगल सिंह कुशवाह,विजय सिंह पहाड़ियां,एआरआई मांगीलाल गर्ग,वरिष्ठ लिपिक मजीद खान,वरिष्ठ लिपिक लोकेश कुमार गर्ग,सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा,कनिष्ठ लिपिक यादवेन्द्र सिंह तोमर,सुनील कुमार यादव,कामिनी श्रीवास्तव, संगीत शर्मा पार्षद बनवारी लाल शर्मा पार्षद प्रतिनिधि डौगर तपेश बिधूड़ी,मनु बिधूड़ी,जोगेन्दर सिंह मीणा,एमआईएस मैनेजर विवेक मीणा, सहित समस्त कार्मिक एवं वार्ड पार्षद सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पंचायत समिति में भी चला सफाई अभियान विकास अधिकारी सहित कार्मिको ने लगाया झाड़ू ;-

शहर की पंचायत समिति में भी सफाई कार्य को लेकर मंगलवार से शुरू हुए अभियान का आगाज किया गया। इस मोके पर पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह सहित सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा और अन्य कार्मिको ने सफाई अभियान चलाया और खुद झाड़ू लेकर पंचायत समिति परिसर की साफ -सफाई की।

# आठ दिवसीय गणेश महोत्सव का हुआ विसर्जन के साथ समापन

## गणेश मंडल के कार्यक्रम में वृंदावन से आए कलाकारों ने दी मनोहारी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयदेव,जयदेव,जय मंगलमूर्ति शहर में सामूहिक रूप से गणेश प्रतिमाओं को पंडालों में 8 दिन के लिए स्थापित किया गया था। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए यह आयोजन अनंत चतुर्दशी तक जारी रहे। जिनमे हालांकि अनंत चतुर्दशी और पूर्णिमा एक ही दिन में आने से सोमवार और मंगलवार दोनों दिन गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। आठ दिन चले गणेश महोत्सव के इन कार्यक्रमों से शहर में भगवान गजानन के जयकारे चारों ओर सुनाई दिए। सुबह और शाम गजानन की महाआरती में भी महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर भाग लिया।

शहर की अग्रवाल धर्मशाला में गणेश मंडल द्वारा 21वां गणेश महोत्सव मनाया गया। जिसमें सोमवार की रात 56 भोग की प्रसादी लगाई गई और वृंदावन से आए कलाकारों ने धार्मिक गीतों एवं भजनों पर अपनी प्रस्तुति दी। इससे पूर्व गणेश जी की आरती में विशेष लाइटिंग की गई। जिसको देखने और आरती में शामिल होने के लिए सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान विशेष प्रसादी का भी वितरण किया गया। आयोजन कमेटी के सदस्य विष्णु मराठा ने बताया कि गणेश महोत्सव का मंगलवार को समापन किया गया। जिसमें सुबह गणेश जी की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा को झांकी के रूप में बसेड़ी रोड स्थित पार्वती नदी ले जाया गया। जहां विसर्जन के साथ भंडारा हुआ और बप्पा को अगले बरस जल्दी आने का न्योता देते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

### बाल गणेश महोत्सव का हुआ समापन

दूसरी ओर शहर के कोट पाड़ा में बाल गणेश मंडल द्वारा छटवां गणेश महोत्सव मनाया गया है। जिसमें भी सुबह शाम आरती के साथ छप्पन भोग की प्रसादी लगाई गई। बाल गणेश मंडल के संगीत शर्मा ने बताया कि मंगलवार को महोत्सव का समापन हुआ। सोमवार की शाम पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया। गणेश प्रतिमा को गणेश के भक्तो और कमेटी सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे के साथ पार्वती नदी किनारे ले जाकर विसर्जित किया गया।

### पुलिस प्रशासन की चौकस व्यवस्था, नदी किनारे श्रद्धालुओं के जाने पर रोक

दूसरी और पुलिस और प्रशासन ने गणेश विसर्जन कार्यक्रमों को लेकर चौकस व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं के नदी तट पर जाने पर रोक लगाई है। केवल गणेश प्रतिमाओं को कुछ भक्त और तैराक श्रद्धालुओं द्वारा ही नदी में विसर्जन की अनुमति दी गई है। जिससे कोई हादसा नहीं हो। क्योंकि पार्वती नदी भारी बारिश के चलते इस समय उफान पर आई हुई है।

# कांग्रेस युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी की हुई बैठक

## जिलाध्यक्ष ने नए सदस्यों को दी पार्टी की नीतियों की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** जिला कांग्रेस युवा मोर्चा के अध्यक्ष के नेतृत्व में धौलपुर की नई युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी गठित की गई है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तरुण शर्मा (नीरू पंडित) के नेतृत्व में गठित की गई नई कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसके बाद युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी की बैठक ली गई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीसीसी सदस्य दुर्गादत्त शास्त्री और कांग्रेस नेता धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी की बैठक संधू पैलेस में आयोजित की गई। बैठक को लेकर कांग्रेस युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष तरुण शर्मा ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस के वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद शाहिद, राष्ट्रीय सचिव सहप्रभारी राजस्थान अरुणा महाजन, प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पुनियां, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधीन्द्र मूंड के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें पांच उपाध्यक्ष, 16 महासचिव, 9 सचिव के साथ एक जिला प्रवक्ता, एक मीडिया कॉर्डिनेटर और एक जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम को हुई बैठक में नए पदाधिकारियों को कांग्रेस की रीती नीतियों से अवगत कराया गया है। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के निर्देश दिए। युवा मोर्चा की बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

# बदला मौसम का मिजाज, तेज धूप के बाद हुई बरसात

## भीगते हुए निकली गणपति की शोभायात्रा, मौसम विभाग ने जारी किया था यलो अलर्ट

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर में दोपहर 3 बजे से मौसम ने अचानक पलटा खाया। सुबह से हो रही तेज धूप के बाद 3 बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। झमाझम बारिश की वजह से सड़कों पर एक बार फिर से जलभराव की हालत हो गए। पूर्वी राजस्थान में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पूर्व में ही चेतावनी जारी की थी। जिसमें धौलपुर जिले में येलो अलर्ट जारी करते हुए 2 दिन तक बारिश की संभावना जताई गई। सुबह से पड़ रही तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ है। धौलपुर जिले में बीते दिनों हुई बारिश के बाद पहले से ही जलभराव के हालात बने हुए थे। जिन जगहों पर प्रशासन में पंपसेट की मदद से पानी निकाल कर आवागमन को सुचारु किया था। वहां मंगलवार को हुई बारिश के बाद फिर से जल भराव के हालात बन गए हैं। बारिश के पूर्व जिले का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बारिश शुरू होते ही तापमान 28 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर बाद शुरू हुई बारिश के बाद अनंत चतुर्दशी के मौके पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए लोग बारिश में भीगते हुए चंबल नदी पर पहुंचे। जहां दिहौली थाना प्रभारी परमजीत पटेल के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने एसडीआरएफ टीम के साथ सुरक्षा पूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन कराया। जिले में छाए घनघोर बादलों को देखकर अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना जताई जा रही हैं।

# पितृपक्ष पर मचकुंड पर लोगों ने किया जल तर्पण : पंडितों ने विधि-विधान से कराया, पितरों की याद में किया पिंडदान

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** पितरों की याद में पितृ पक्ष मंगलवार से शुरू हो गए हैं। तीर्थराज मचकुंड के साथ अन्य जलाशयों में बड़ी संख्या में लोगों ने पितरों को तर्पण किया। श्राद्ध पक्ष के पहले दिन सुबह से ही तीर्थराज मचकुंड के साथ बामनी नदी, पार्वती नदी पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जहां मौजूद पंडितों ने विधि-विधान से तर्पण कराया। मचकुंड के महंत कृष्णदास ने बताया कि हिंदू संस्कृति में श्राद्ध पक्ष बनाया है। जो भाद्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा से शुरू होता है और अश्विन मास की अमावस्या तक चलता है। दिन की विभिन्न तिथियों में पूर्वजों को प्रतिदिन जल तर्पण करते हुए गुजरे हुए पूर्वजों की पुण्यतिथि वाले दिन श्राद्ध करने का प्रावधान है। इसी को लेकर मंगलवार से शुरू हुए श्राद्ध पक्ष में जलाशयों और नदियों के किनारे परिवार के लोग पहुंचकर पूर्वजों को जल तर्पण कर रहे हैं। तीर्थराज मचकुंड पर जल तर्पण को लेकर मंहत ने बताया कि हिंदू संस्कृति में श्राद्ध पक्ष का विशेष प्रावधान है। ऐसे में प्रत्येक हिंदू परिवार को अपने पूर्वजों का श्राद्ध करना चाहिए और उन्हें जल्द तर्पण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि नदी किनारे तर्पण करने में परेशानी हो तो घर पर भी जल तर्पण किया जा सकता है। श्राद्ध पक्ष के दिन तीर्थराज मचकुंड के साथ विभिन्न जलाशयों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने तर्पण किया।

### पितृपक्ष के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें

यह माना जाता है कि पितृपक्ष के 16 दिनों की अवधि के दौरान सभी पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान किया जाता है। इन अनुष्ठानों को करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति के पूर्वजों को उनके इष्ट लोकों को पार करने में मदद मिलती है। वहीं जो लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान नहीं करते हैं, उन्हें पितृ ऋण और पितृदोष सहना पड़ता है। इसलिए श्राद्धपक्ष के दौरान यदि आप अपने पितरों का श्राद्ध कर रहे हैं तो इन बातों के बारे में खास ध्यान रखना चाहिए। श्राद्धपक्ष के दौरान न करें ये काम महंत ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष के दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। इस दौरान कोई वाहन या नया सामान न खरीदें। मांसाहारी भोजन का सेवन बिलकुल न करें। श्राद्ध कर्म के दौरान आप जनेऊ पहनते हैं तो पिंडदान के दौरान उसे बाएं की जगह दाएं कंधे पर रखें। श्राद्ध कर्मकांड करने वाले व्यक्ति को अपने नाखून नहीं काटने चाहिए। इसके अलावा उसे दाढ़ी या बाल भी नहीं कटवाने चाहिए। तंबाकू, धूम्रपान, सिगरेट या शराब का सेवन न करें।

# 68 वीं राज्य स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, खेल शरीर के लिए महत्वपूर्ण है : नरेश कन्नोजिया**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( नि.स. )।** 68वीं राज्य स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को नरेश कनोजिया सभापति नगर परिषद ब्यावर के मुख्य आतिथ्य एवं अजय कुमार गुप्ता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) ब्यावर की अध्यक्षता, गणपत सिंह रावत प्रधान पंचायत समिति जवाजा के विशिष्ट अतिथि ,महिपाल सिंह अध्यक्ष सरपंच संघ पंचायत समिति जवाजा ,विशिष्ट अतिथि मधु गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा, किरण बाला मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रायपुर ,भामाशाह राम सहाय शर्मा ,श्रवण सिंह रावत, शुभम चोपड़ा राहुल शर्मा ,अशोक देवड़ा आदि के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि कनौजिया ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आह्वान करते हुए बताया कि शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है एवं राजस्थान के कोने-कोने से पधारे सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए अच्छा खेल खेलने पर जोर दिया । विशिष्ट अतिथि रावत ने खिलाड़ियों को मानसिक बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी अति आवश्यक है खिलाड़ी हमेशा अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने शारीरिक विकास करता है सभी खिलाड़ी पढ़ाई के साथ-साथ खेल को आवश्यक रूप से अपने जीवन का पार्ट बनावे।

मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार डीरा एवं राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 50 जिलों से छात्र वर्ग में 50 टीमें एवं छात्रा वर्ग में 50 जिलों से 45 टीमें उपस्थित हुई जिसमें 405 छात्र पहलवान व 273 छात्रा पहलवान कुल 778 कुश्ती के पहलवान भाग लेंगे इनके साथ टीम प्रभारी के रूप में 235 प्रभारी उपस्थित हुए। प्रतियोगिता का विधिवत ध्वजारोहण एवं खिलाड़ियों कोशपथ दिला कर किया ।

संयोजक मोहन सिंह चौहान एवं खेल प्रभारी प्रमोद राय शर्मा ने उद्घाटन सत्र में पधारे हुए सभी अतिथियों का माल साफा एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।संयोजक चौहान ने अपने प्रतिवेदन में सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सहयोग प्रदान कर रहे सभी साथियों का भी आभार व्यक्त किया । खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन में गोपाल नारायण प्रजापति नरेश कुमार प्रधानाचार्य एवम यूसीईईओ नीतू विजय महेश शर्मा नेमीचंद यादव नरेंद्र सोनी उपप्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल राजेंद्र प्रजापति परमेश्वर सिंह खीम राज कटारिया श्री किशन वैष्णव पूजा वासवानी नी धी चौहान आरती अमरावत महेंद्र सिंह पवार सुमन बाला सैनी सहयोग प्रदान कर रहे हैं उद्घाटन सत्र का संचालन प्रधानाचार्य आशा संत व नेमी यादव व मोहन सिंह चौहान ने किया।

**द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित**

# पीएम आवास योजना - ग्रामीण की स्वीकृतियां जारी करने में चित्तौड़गढ़ राज्य में द्वितीय

## जिला स्तर पर इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री ) ।** प्रदेश के द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को इन्दिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद सीपी जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी वर्चुअल माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। रोजगार उत्सव में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नव नियुक्त कार्मिको को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनसे संवाद किया।

कार्यक्रम में सांसद सीपी जोशी ने नव नियुक्त कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि रोजगार मिलना न केवल उस व्यक्ति बल्कि उसके परिवार के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सिरमौर बन रहा है। उन्होंने आवास स्वीकृत होने पर लाभार्थी परिवारों को बधाई दी और सभी से सशक्त और समृद्ध भारत बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बजट में रोजगार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाए की है।



**पीएम आवास योजना - ग्रामीण की स्वीकृतियां जारी करने में चित्तौड़गढ़ राज्य में द्वितीय**

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण फैज़ - द्द्य के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से आवासों की स्वीकृतियां जारी कर लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की गई एवं पूर्ण हुए आवासों के लाभार्थियों का गृह प्रवेश भी करवाया गया। योजना के अंतर्गत जिले में 3939 परिवारों के बैंक खातों में प्रथम किश्त के रूप में 15 हज़ार रुपए प्रति परिवार हस्तांतरित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा आवास पूर्ण हो चुके 20 लाभार्थियों को आवास की 'प्रतिकात्मक चाबियां' एवं आवास पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ उपहार में श्रीफल एवं शॉल भेंट की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार, डीएफओ सोनम जोरिहार, एडीएम भू अ सुरेंद्र पुरोहित, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, पूर्व उप जिला प्रमुख मिट्ठू लाल जाट, यूआईटी सचिव राजेश मेवाड़ा, एसीईओ राकेश पुरोहित, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, सीएमएचओ डॉक्टर ताराचंद गुप्ता, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एस के सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र सिंघल, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान शंकर लाल जाट, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, प्रधान देवेंद्र कंवर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाय चराने घर से निकले युवक का शव दो दिन बाद फार्म पौंड में मिला

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले के सरवाड़ थाना इलाके के चंडाली गांव में सोमवार को फार्म पौंड में एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सरवाड़ पुलिस ने युवक के शव को सरवाड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सरवाड़ थाना इलाके के चंडाली गांव में खेत पर चारा लेने गई



महिलाओं को फार्म पौंड में एक युवक का शव दिखाई दिया। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सरवाड़ थाना प्रभारी सत्यवान मीणा मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे। सरवाड़ पुलिस ने फार्म पौंड से युवक के शव को बाहर निकाला और शव की शिनाख्तगी के प्रयास किए। सोशल मीडिया पर युवक के शव की फोटो वायरल होने के बाद युवक की शिनाख्त सरसड़ी निवासी छीतर पुत्र बद्रीलाल गुर्जर के रूप में हुई। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। सरवाड़ पुलिस ने युवक के शव को सरवाड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्रह प्रवेश समारोह हुआ आयोजित

**विधायक कंवरलाल मीणा ने लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति प्रमाण पत्र,साथ ही सुना प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण, देश व गरीबो का सच्चा बेटा केवल नरेंद्र मोदी है:विधायक कंवरलाल मीणा**

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** विधायक कंवर लाल मीणा मंगलवार को अंता दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने कई कार्यक्रमो में भाग लिया और पंचायत समिति सभागार में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्रह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लिया और पूर्ण आवास योजना के लाभार्थियों को शॉल,श्रीफल व पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किये साथ ही नव स्वीकृत आवासों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये ओर पंचायत समिति सभागार में चल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना। इस दौरान विधायक कंवरलाल मीणा



ने कहा की देश का व गरीबो का सच्चा बेटा तो केवल नरेंद्र मोदी ही है जो हमेशा देश हित की सोचकर कार्य करते है साथ ही कहा कक जो पात्र लोग है उनको आवास जरूर मिलना चाइए ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हमारी जनहितैषी सरकार चार वर्षों में देश मे सभी को पक्का घर उपलब्ध करवायेगी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना का सबको लाभ मिलेगा इसी के साथ विधायक ने कहा कि हम सबने मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी ओर इस अवसर पर पूर्ण आवास व स्वकृति पत्र वितरित किये ।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और महिला तस्करी के मामले में एक ईनामी आरोपी सहित दो जने गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( नि.स. )।** केकड़ी शहर पुलिस ने दुष्कर्म और महिला तस्करी के एक गंभीर मामले में मुख्य आरोपी और एक सह आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह और उपअधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। इस मामले में फरार चल रहे ईनामी आरोपी रामचंद्र गुर्जर और सह-आरोपी प्रशांक जैन उर्फ अमित जैन को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चार जनों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार पीड़िता ने बताया कि उसे शादी का झांसा देकर जयपुर से केकड़ी लाया गया, जहां उसे गोपाल गुर्जर के हवाले किया गया। गोपाल और उसके सहयोगियों ने उसे छह दिन तक अपने घर पर रखा। इसके बाद रामचंद्र गुर्जर उसे तिलाना ले गया। इस दौरान उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य आरोपी रामचंद्र गुर्जर पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी रामचंद्र गुर्जर (35) निवासी बनेवडा, जिला अजमेर और सह-आरोपी प्रशांक जैन (32) निवासी गोनेर रोड़, जयपुर को गिरफ्तार कर लिया। उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, फाइनेंस कम्पनी में काम करता था युवक

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( नि.स. )।** अजमेर-कोटा राजमार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह केकड़ी जिले के सरवाड़ थाना इलाके में अजगरी चौराहे के समीप हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर-कोटा राजमार्ग पर अजगरी चौराहा के निकट मंगलवार अल सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा कैसे हुआ, इसका पता नहीं चल सका। हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने हादसे की सूचना सरवाड़ पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस सूचना पर सरवाड़ पुलिस थाने के एएसआई बदरुद्दीन मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे और शव को सरवाड़ अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। मृतक युवक की पहचान टोडारायसिंह थाना इलाके के सेतिवास गांव निवासी आशाराम गुर्जर (30) पुत्र अंबालाल गुर्जर के रूप में हुई।

# श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारी भक्तो ने श्री गौतमेश्वर एवं पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन किए

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के मंशापूर्ण व्रतधारी महिला एवं पुरुषो द्वारा सोमवार को बस द्वारा धार्मिक यात्रा कर श्री गौतमेश्वर एवं पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन लाभ प्राप्त कर चहुंओर शांति एवं खुशहाली की कामना की गयी। जानकारी अनुसार श्रावण मास से ही भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा श्रद्धापूर्वक मंशापूर्ण महादेव के व्रत किए जा रहे हैं।नगर पालिका कपासन क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर मंशापूर्ण महादेव व्रत पूजा अर्चना एवं कथा सुनकर व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओ द्वारा सोमवार को धार्मिक यात्रा की गई।जिसमे अलसुबह श्रद्धालुओ द्वारा धार्मिक यात्रा हेतु प्रस्थान किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त यात्रा में श्रद्धालुओ द्वारा श्री गौतमेश्वर महादेव पहुंचकर शिवजी की विधिवत पूजा अर्चना एवं आराधना कर चहुंओर शांति एवं खुशहाली की कामना की गयी।इसके बाद श्री पशुपतिनाथ महादेव,सुखानंद भाड़ा माताजी की यात्रा कर श्रद्धालुओ ने दर्शन लाभ प्राप्त किये।इस धार्मिक यात्रा में कन्हैयालाल सोनी,रतन उपाध्याय, देवीलाल गौड़,जोरावर सिंह,प्रकाश सोनी आदि श्रद्धालु सहायक रहे।

# युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटककर की आत्महत्या, आठ माह पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( नि.स. )।** शहर के काजीपुरा इलाके में मंगलवार सुबह एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर अस्पताल पहुंची सिटी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। बताया जाता है कि युवक का विवाह आठ माह पहले ही हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार काजीपुरा निवासी दीपक (25) पुत्र गुलाबचन्द ने सुबह चिटकनी लगाकर कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर लटक गया। थोड़ी देर बाद परिजन ने दरवाजा खुलवाने के लिए आवाजें लगाई। अंदर से किसी तरह का जवाब नहीं मिला। परिजन ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो दीपक फंदे पर लटका हुआ मिला।

# केकड़ी में जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने सफाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ





बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर परिषद केकड़ी द्वारा मंगलवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत अजमेर रोड़ स्थित संतोष नगर से की गई, जहां जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने सफाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन को शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की शपथ दिलाई और सभी से सहयोग की अपील की। जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने कहा कि स्थानीय निवासी भी इस मुहिम में शामिल हों, ताकि शहर में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि हर घर से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कचरा वैन में डाला जाए। इस दौरान संतोष नगर में श्रमदान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहरभर में सफाई से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि अगले 15 दिनों तक शहर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर नगर परिषद की आयुक्त बंटी राजपूत ने वार्डवासियों से अपील की कि वे सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनीत बंसल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी, उपखंड अधिकारी सुभाष हेमानी, सभापति कमलेश कुमार साहू, प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र चौधरी, पार्षद कैलाश चंद जाट और नगर परिषद के रामगोपाल डांगा, घासी लाल गुर्जर, विमल कुमार दाधीच, किशनलाल गुर्जर, रोहित शर्मा तथा सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का कपासन में 17 सितं. से 2 अक्टू. तक संचालन होगा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया।साथ ही पालिका अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गयी। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर शुभारंभ किया गया। नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह द्वारा पालिका कार्मिकों को स्वच्छता एवं अन्यों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने को लेकर शपथ दिलाई गयी।उक्त अभियान का नगर पालिका क्षेत्र में 17 सितं. से 2 अक्टू. 2024 तक संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,युवा मोर्चा के प्रतीक वैष्णव,गौरव दाधीच,जमादार मुकेश कोदली आदि पालिका कार्मीकगण उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देवलिया कलां व चांपानेरी की टीम फाइनल में पहुंची



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल के तत्वावधान में यहां राजकीय महाविद्यालय के मैदान पर चल रही 14 वर्ष आयुवर्ग के छात्रों की 68वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन आयोजित सेमीफाइनल मैचों में चांपानेरी व देवलियाकलां की टीमें बेहतरीन प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंच गई है।

क्रीड़ा प्रतियोगिता के संयोजक एस एन खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के तीसरे दिन आयोजित प्रथम सेमीफाइनल मैच राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, दौलतपुरा व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांपानेरी के बीच हुआ जिसमें चांपानेरी की टीम विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कराटी व पहल पब्लिक उच्च प्राथमिक विद्यालय, देवलियाकलां के बीच हुआ, जिसमें पहल पब्लिक स्कूल देवलियाकलां विजेता रही। इस प्रकार पहल पब्लिक स्कूल, देवलियाकलां व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चांपानेरी की टीमें फाइनल में पहुंच गई, जिनके बीच बुधवार को मुकाबला होगा। खेल प्रभारी कैलाशचंद शर्मा, तकनीकी सलाहकार कृष्ण गोपाल मीणा और शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण गुर्जर ने विजेता टीमों को बधाई दी।

# अंता नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 34 पार्षदों ने किया मतदान कोर्ट के अग्रीम आदेश तक नहीं होंगी मतगणना

**नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से रामेश्वर खंडेलवाल कांग्रेस से संतोष गालव का भविष्य मत पेटीयों में कैद**

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव मंलवार को नगर पालिका में संजना जोशी रिटर्निंग अधिकारी अंता उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा किशनगंज की मौजूदगी में पालिका अध्यक्ष का चुनाव कराया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा से रामेश्वर खंडेलवाल कांग्रेस से संतोष गालव के लिए कुल 35 पार्षदों मे से 34 पार्षदों ने मंगलवार को मतदान किया जिसमे भाजपा खेमे से 22 कांग्रेस से 12 पार्षदों ने मतदान किया ।मतदान के बाद मत पेटी सील कर तहसील कार्यालय में सुरक्षित रखवाई गई जब तक कोर्ट का आदेश नहीं आता जब तक अध्यक्ष का भविष्य कैद रहेगा । राज्य सरकार द्वारा 1 पार्षद एंव कार्यवाक अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मीणा को मतदान से



वंचित किया गया। चन्द्रप्रकाश मीणा ने मतदान से वंचित करने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई अदालत ने याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नगर पालिका अध्यक्ष का 17 सितम्बर को मतदान तो कराया लेकिन अग्रीम आदेश तक मतगणना पर लगाई रोक लगाई गई ऐसे में रामेश्वर खंडेलवाल का अध्यक्ष बनने का सपना, सपना बन कर रह गया । अंता नगर पालिका में नो माह से स्थाई अध्यक्ष नहीं मिल रहा नो माह से अध्यक्ष की कुर्सी फुटबाल बनी हुई थी।

# भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट लाल मिट्टी वाली पिच पर होगा

## चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुकाबला, सही कॉम्बिनेशन की तलाश में टीम इंडिया



नई दिल्ली (एजेंसी)।

भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाना है। श्वस्क्क की रिपोर्ट के मुताबिक यह टेस्ट मैच लाल मिट्टी से बनी पिच पर खेला जाएगा। लाल मिट्टी की पिच पर बाउंस अच्छा मिलता है। चेन्नई में इन दिनों गर्मी पड़ रही है जिससे इस पिच में तीसरे दिन से स्पिनरों को भी मदद मिल सकती है। तीन स्पिनर या 3 तेज गेंदबाज भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट मैच से पहले टीम मैनेजमेंट के सामने सबसे बड़ा सिरदर्द टीम कॉम्बिनेशन का है। ये तय है कि भारत, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 5 गेंदबाजों के साथ उतरेगा। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा का खेलना तय माना जा रहा है।

इसके बाद बची हुई एक जगह के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप और यश दयाल में के बीच मुकाबला रहेगा। भारत ने जब आखिरी भार भारत में बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था। तब टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी थी। कोलकाता में खेले गए इस मैच में भारत ने पारी और 46 रन से जीत दर्ज की थी। चेन्नई के चेपॉक में अब तक 995 विकेट में से स्पिनर्स को 595 विकेट मिले हैं। 3 स्पिनर और 2 पेसर का फॉर्मूला कामयाब रहा है भारतीय पिच पर 3 स्पिनर और 2 पेसर का भारतीय फॉर्मूला बेहद कामयाब रहा है। लेकिन लाल मिट्टी की पिच की वजह से भारत 3 पेसर्स के साथ उतर सकता है। टीम को नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है, जिसकी वजह से यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है।

629 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे पंत 30 दिसंबर 2022 को पंत का कार एक?सीडेंट हुआ था। इसके बाद पंत ने तेजी से रिकवरी करके क्रिकेट में वापसी की। अब वे टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। पहले मैच में ध्रुव जुरेल से पहले उन्हें खिलाया जाना तय मन जा रहा है।

जनवरी के बाद टेस्ट खेलेंगे कोहली विराट कोहली जनवरी 2024 के बाद टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने आखिरी मुकाबला साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेला था। घरेलू मैदानों की बात करें तो कोहली ने अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च 2023 में आखिरी मैच खेला था। उसके बाद बेटे अकाय के जन्म के कारण वे निजी कारणों से ब्रेक पर चले गए थे।

19 सितंबर से पहला टेस्ट भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से 2 टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी। 19 सितंबर को पहला मैच चेन्नई में जबकि दूसरा टेस्ट 27 सितंबर कानपुर में खेला जाएगा। इसके बाद 3 टी-20 मैच खेले जाएंगे।

# टी20 विश्व कप से पहले मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं भारतीय खिलाड़ी: हरमनप्रीत



मुंबई (एजेंसी)।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी लंबे समय से मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे हैं जिससे उन्हें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में मदद मिलेगी। भारत 2020 में टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा था। उसे छह बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। हरमनप्रीत ने सोमवार को कहा कि भारतीय खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे हैं ताकि मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के दौरान आखिरी तीन चार ओवर बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। टी20 क्रिकेट कोई छोटा प्रारूप नहीं है क्योंकि आखिरकार आप इसमें 40 ओवर खेलते हैं।'' हरमनप्रीत ने कहा,''मैच के आखिरी चार-पांच ओवर में मानसिक रूप से मजबूत टीम बाजी मारती है। हम पिछले कुछ समय से इस पर ध्यान दे रहे हैं। अगर हम इन आखिरी पांच ओवर में मानसिक रूप से मजबूत बने रहते हैं तो फिर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।'' भारतीय टीम के फाइनल में लचर प्रदर्शन पर चर्चा होती रही है। उसे 2020 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 85 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि वनडे विश्व कप 2017 के फाइनल में वह इंग्लैंड से केवल नौ रन से हार गई थी। यहां तक कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। हरमनप्रीत ने कहा,''हम इन पहलुओं पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में हम इन बाधाओं को पार करने में सफल रहेंगे।'' भारत टी20 विश्व कप में चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और फिर छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। भारतीय टीम नौ अक्टूबर को श्रीलंका से भिड़ेगी ।यह तीनों मैच दुबई में खेले जाएंगे। भारत ग्रुप चरण में अपना आखिरी मैच 13 अक्टूबर को शारजाह में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा।

# विराट के निशाने पर ये महारिकॉर्ड, इन दो दिग्गजों को पछाड़ सकते हैं कोहली



नई दिल्ली (एजेंसी)।

19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके बाद भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज भी खेलनी है। ये 10 टेस्ट ही तय करेंगे कि टीम इंडिया लगातार तीसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में कदम रखेगी या नहीं। इन सभी टेस्ट में विराट कोहली की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। ऐसे में कोहली के निशाने पर एक और महारिकॉर्ड भी है। बता दें कि, विराट कोहली के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 26942 रन दर्ज हैं, ये रन उन्होंने 591 पारियों में 53.35 की औसत से बनाए हैं। वहीं इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में फिलहाल कोहली चौथे नंबर पर हैं। लेकिन अब उनके पास इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंचने का बेहतरीन मौका है। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के नाम है, मास्टर ब्लास्टर ने अपने करियर के दौरान सर्वाधिक 34357 रन बनाए थे। सचिन के अलावा अभी तक कोई क्रिकेटर 30 हजार रन तक का आंकड़ा नहीं छू पाया है। जबकि इस लिस्ट में दूसरे और तीसरे पायदान पर क्रमश: कुमार संगाकार और रिकी पोंटिंग 28016 और 27483 रन बनाकर मौजूद हैं। विराट कोहली को इन दोनों दिग्गजों को पछाड़ने के लिए मात्र 1075 रनों की जरूरत है।

# बटलर के चोटिल होने के कारण ब्रुक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में इंग्लैंड का नेतृत्व करेंगे



लंदन (एजेंसी)।

पिंडली की चोट के कारण जोस बटलर के टीम से बाहर होने के बाद हैरी ब्रूक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। इस साल जून के अंत में गुयाना में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड की हार के बाद से बटलर ने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। इस चोट के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था लेकिन चोट से उबरने में विफल रहने के बाद वह टीम से बाहर हो गये है। पच्चीस साल के ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए सिर्फ 15 वनडे मैच खेले है लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें भविष्य के कप्तान के तौर पर देखता है। बटलर की अगुवाई में जब वनडे टीम की घोषणा की गयी थी तब उन्हें उपकप्तान घोषित किया गया था। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आगाज गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में होगा। ब्रूक के कप्तान बनने का मतलब यह भी है कि इंग्लैंड को मौजूदा सत्र में प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एक नया कप्तान मिला है। ओली पोप ने चोटिल बेन स्टोक्स से की जगह श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में टेस्ट टीम की कप्तानी की जबकि फिल साल्ट ने बटलर की गैरमौजूदगी में टी20 श्रृंखला में टीम का नेतृत्व किया।

# अगस्त के लिए आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए वेलालागे और हर्षिता





नई दिल्ली (एजेंसी)।

श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को सोमवार को अगस्त 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वेलालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया जबकि हर्षिता ने आयरलैंड दौरे पर प्रभावित किया।

इससे पहले सिर्फ एक बार किसी महीने में एक ही देश के दोनों पुरुष और महिला खिलाड़ियों को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है। इस साल जून में भारत के जसप्रीत बुमराह और उनकी हमवतन स्मृति मंधाना को महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। वेलालागे को भारत के खिलाफ श्रीलंका के 2-0 से श्रृंखला जीतने के दौरान श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बाएं हाथ के इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने नाबाद 67, 39 और दो रन की पारियां खेलने के अलावा तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट सहित श्रृंखला में कुल सात विकेट भी चटकाए।


यह पुरस्कार शुरू होने के बाद यह पांचवां मौका है जब श्रीलंका के पुरुष क्रिकेट को यह पुरस्कार मिला है। इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रबाथ जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंदु मेंडिस (मार्च 2024) यह पुरस्कार जीत चुके हैं। वेलालागे ने कहा कि यह पुरस्कार बहुत प्रोत्साहन देने वाला है।

उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिली है क्योंकि यह सम्मान मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा काम जारी रखने और मैदान में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपनी टीम में योगदान देने की और ताकत देगा।'' वेलालागे ने कहा, ''आईसीसी से मिलने वाली इस तरह की मान्यता हमारे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।''

दूसरी तरफ महिला पुरस्कार की दौड़ में हर्षिता ने ओर्ला प्रेंडरगास्ट और गैबी लुईस की आयरलैंड की जोड़ी को पछाड़ा। आयरलैंड दौरे पर हर्षिता एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में शतक जड़ने वाली श्रीलंका की सिर्फ तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। बाएं हाथ की 26 वर्षीय बल्लेबाज हर्षिता ने दो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 169.66 के स्ट्राइक रेट से कुल 151 रन बनाए जिसमें पहले मैच में 45 गेंद में नाबाद 86 रन की मैच विजयी पारी भी शामिल है।

उन्होंने बेलफास्ट में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 82.69 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए जिसमें दूसरे मैच में 105 रन की पारी भी शामिल है। हर्षिता आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनने वाली श्रीलंका की सिर्फ दूसरी क्रिकेटर हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू इस साल मई और जुलाई में दो बार यह खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।

# भारतीय टीम को सुनील गावस्कर ने किया आगाह, कहा- बांग्लादेश को हल्के में लेने की गलती ना करें





नई दिल्ली (एजेंसी)।

भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। एक महीने से ज्यादा के ब्रेक के बाद टीम इंडिया के लिए बांग्लादेश से निपटना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वहीं इसी को लेकर भारत के दिग्गज सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा की टीम इंडिया को चेतावनी दी है। गावस्कर ने रोहित शर्मा समेत टीम इंडिया को चेताते हुए कहा कि वो बांग्लादेश को हल्के में ना लें। दो साल पहले ढाका में खेले गए टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने भारत को मुश्किल में डाला था, हालांकि, श्रेयस अय्यर और आर अश्विन ने मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई थी। लेकिन तब और अब बांग्लादेश की टीम में काफी बदलाव हुआ है। टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसी के घर में पटखनी देकर खिताब अपने नाम किया।

गावस्कर ने मिड-डे में अपने कॉलम में लिखा कि, पाकिस्तान में खेले गए दोनों टेस्ट मैचों में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश ने दिखा दिया कि उनमें कितनी ताकत है। इतना ही नहीं जब दो साल पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश का दौरा किया था, तब भी इस टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी थी। अब पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद उनका मनोबल बढ़ा हुआ है और अब वह भारत को हराना चाहेंगे।

गावस्कर ने आगे कहा कि, उनके पास कुछ बढ़िया खिलाड़ी मौजूद हैं और कुछ युवा क्रिकेटरों ने भी प्रभावित किया है। जो विरोधी टीम को देखकर डरते नहीं हैं। अब जो भी टीम उनके खिलाफ खेलेगी, उन्हें हल्के में नहीं लेगी। क्योंकि उसे पता है कि बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में 2-0 से धोया है। ये सीरीज देखने लायक होगी।

भारतीय टीम को आने वाले कुछ महीनों में कुल 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ दो, न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच अपनी धरती पर खेलने हैं, जबकि फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। जहां पांच टेस्ट मैच खेलने होंगे। भारतीय टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है, लेकिन फाइनल में पहुंचने के लिए उसे बाकी बचे मैचों में से ज्यादा से ज्यादा मैच जीतने होंगे।

# यशस्वी जायसवाल की नजरें ब्रेंडन मैक्कलम के रिकॉर्ड पर, बांग्लादेश के खिलाफ तोड़ सकते हैं रिकॉर्ड



नई दिल्ली (एजेंसी)।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में युवा भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल को भी स्क्वॉड में जगह मिली है। वहीं यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट क्रिकेट में जुलाई 2023 में अपना डेब्यू किया था। वेस्टइंडीज दौरे पर यशस्वी को अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला था और इसके बाद से वह टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया का अहम हिस्सा बन चुके हैं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ मैच में यशस्वी के पास ब्रेंडन मैक्कुलम का एक खास वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा। बता दें कि, टेस्ट क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड फिलहाल मैक्कुलम के नाम दर्ज है। यशस्वी ने अभी तक भारत के लिए 9 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 68.53 की औसत से और 70.07 के स्ट्राइक रेट से कुल 1028 रन बनाए हैं। जायसवाल के बैट से तीन शतक और चार फिफ्टी भी निकल चुकी हैं। इसमें एक डबल सेंचुरी भी शामिल हैं। वहीं मैक्कुलम ने साल 2014 में टेस्ट क्रिकेट में कुल 33 छक्के लगाए थे। 10 साल में मैक्कुलम के इस रिकॉर्ड के करीब तो बेन स्टोक्स पहुंचे, लेकिन ये रिकॉर्ड आजतक कोई नहीं तोड़ पाया है। एक और ऐसा नया रिकॉर्ड बनाने का भी, जहां तक पहुंच पाना किसी बैटक के लिए आसान नहीं होगा। साल 2024 में यशस्वी अभी तक टेस्ट क्रिकेट में कुल 26 छक्के लगा चुके हैं। 2022 में बेन स्टोक्स ने भी इतने ही छक्के लगाए थे। भारत को इस साल में अभी 9 टेस्ट मैच और खेलने हैं, यशस्वी का इन सभी में खेलना काफी हद तक तय है। अभी तक यशस्वी आठ छक्के और लगा लेंगे, तो वह ब्रेंडन मैक्कुलम के 33 छक्कों के वर्ल्ड रिकॉर्ड को ध्वस्त कर डालेंगे, लेकिन अगर यशस्वी अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए इस साल भारत के सभी 9 टेस्ट मैच खेल लेते हैं, तो ऐसे में वह ऐसा रिकॉर्ड खड़ा कर सकते हैं, जिसे तोड़ पाना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप की प्राइज मनी 225% बढ़ी : चैंपियन टीम को मिलेंगे 19.5 करोड़ रुपए, 3 अक्टूबर से शुरू होगा टूर्नामेंट




नई दिल्ली (एजेंसी)।

यूएई में 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में 66.62 करोड़ रुपए की प्राइज मनी बांटी जाएगी। आईसीसी ने मंगलवार को बताया कि चैंपियन टीम को 19.59 करोड़ रुपए और रनरअप टीम को 9.79 करोड़ रुपए मिलेंगे।

2023 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले प्राइज मनी में 225% का इजाफा हुआ है। खिताब जीतने वाली टीम टीम को पहले की तुलना में 134% ज्यादा रकम देने का ऐलान किया है। रनरअप टीम को भी पहले की तुलना में 134% ज्यादा राशि मिलेगी। 2023 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को 8 करोड़ रुपए मिले थे। वहीं ग्रुप स्टेज में मैच जीतने वाली हर टीमों को 26 लाख मिलेंगे।

आईसीसी मेंस और विमेंस टीम को बराबर प्राइज मनी देगा इस बार प्राइज मनी मेंस के बराबर दी जाएगी। मेंस में टोटल 93.52 करोड़ रुपए की प्राइज मनी बांटी गई थी, लेकिन उसमें 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। वहीं विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में 66.62 करोड़ रुपए की प्राइज मनी बांटी जाएगी। इसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पिछले साल आईसीसी टूर्नामेंट में मेंस और विमेंस टीमों के लिए बराबर प्राइज मनी देने की घोषणा की थी। आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा था कि, यह स्टेप क्रिकेट के इतिहास में बड़ा है। 2017 से हम इसे ले कर निरंतर प्रयास कर रहे है। 2017 से ही हम लगातार विमेंस क्रिकेट में प्राइज मनी और मैच फीस बढ़ा रहे है। अब से, आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप मेंस वर्ल्ड कप जीतने पर सामान प्राइज मनी मिलेगा। साथ ही टी-20 और अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भी ऐसा ही होगा।

3 अक्टूबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 शुरुआत 3 अक्टूबर से यूएई में होगी। पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका शामिल है। दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को दुबई में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को शारजाह में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल दुबई में ही खेल जाएगा।

# अर्जुन तेंदुलकर ने लिए 9 विकेट : गोवा को पारी और 189 रन से जीत दिलाई

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने घरेलू मैच में 9 विकेट लिए हैं। गोवा के लिए कर्नाटक के इन्विटेशनल टूर्नामेंट में खेलते हुए अर्जुन ने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। उनके प्रदर्शन की मदद से गोवा ने कर्नाटक-11 के खिलाफ पारी और 189 रन से जीत दर्ज की।

रणजी ट्रॉफी का नया सीजन शुरू होने से पहले अर्जुन ने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया है। कर्नाटक ने घरेलू क्रिकेट को देखते हुए इन्विटेशनल टूर्नामेंट का आयोजन किया है।

कर्नाटक से निकिन जोश खेले कैप्टन थिम्मपिया मेमोरियल टूर्नामेंट में कर्नाटक-11 और गोवा के बीच मैच खेला गया। गोवा ने अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम खिलाई, जबकि कर्नाटक ने अंडर-19 और अंडर-23 खिलाड़ियों को मौका दिया। इनमें निकिन जोश और विकेटकीपर शरथ श्रीनिवास ही 2 सीनियर प्लेयर रहे।

पहली पारी में लिए 5 विकेट अर्जुन ने 2 पारियों में 26.3 ओवर बॉलिंग की और 87 रन देकर 9 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने 13 ओवर बॉलिंग कर महज 41 रन दिए और 5 विकेट झटक लिए। जिस कारण कर्नाटक 103 रन ही बना सका। जवाब में गोवा ने अभिनव तेजराना की सेंचुरी और मंथन खुटकर की फिफ्टी के दम पर 413 रन बना दिए।



# वासु भगनानी पर आरोप- डायरेक्टर के 7 करोड़ रोके : विवेक अग्निहोत्री ने नहीं दिए 1 लाख; सिने एसोसिएशन बोला- फीस फंसाते हैं प्रोड्यूसर्स

जुलाई 2024 में देश के नामी फिल्ममेकर वासु भगनानी को लेकर खबर आई कि उन्होंने अपनी फिल्म में काम करने वाले क्रू मेंबर्स के 65 लाख रुपए नहीं चुकाए। इसके लिए फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉईको बीच में आना पड़ा। उसने वासु पर दबाव बनाया, जिसके बाद पिछले महीने यानी अगस्त में उन्होंने क्रू मेंबर्स के पैसे चुका दिए। हालांकि, यह बस आधी-अधूरी खबर थी। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई के प्रेसिडेंट बीएन तिवारी ने बताया कि वासु भगनानी ने डायरेक्टर अली अब्बास जफर के 7.3 करोड़ रुपए अटका कर रखे हैं। साथ ही मिशन रानीगंज के डायरेक्टर टीनू देसाई के भी 27 लाख रुपए नहीं चुकाए हैं। अली अब्बास ने इसे लेकर डायरेक्टर एसोसिएशन में शिकायत भी दर्ज कराई है। इसी मुद्दे को लेकर हमने ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता से भी बात की। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में बीते कुछ सालों से ऐसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। प्रोडक्शन कंपनियां एक्टर्स, डायरेक्टर्स और क्रू मेंबर्स से काम करवा लेती हैं, लेकिन जब बात पैसे देने की आती है तो आनाकानी करने लगती हैं।

**केस-1:** फेडरेशन का दावा- वासु भगनानी ने डायरेक्टर्स के करोड़ों रुपए नहीं चुकाए 31 जुलाई, 2024 को इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन (आईएफटीडीए) ने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी सारी एसोसिएशन की मदर बॉडी फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडियन सिने एम्प्लॉई (फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई) के नाम एक पत्र लिखा। उस पत्र में लिखा था- हमारे पास डायरेक्टर अली अब्बास जफर की तरफ से पूजा एंटरटेनमेंट के खिलाफ पैसे न चुकाने की शिकायत आई है। हम आपसे (फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई) अपील करते हैं कि इस मामले का जल्द से जल्द निपटारा करें।

आईएफटीडीए की चिट्ठी पर एक्शन लेते हुए फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई ने वासु भगनानी की कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट को 7 अगस्त 2024 को एक चिट्ठी लिखी। उसमें लिखा था- हमारे पास आईएफटीडीए की तरफ से शिकायत आई है कि आपकी कंपनी ने डायरेक्टर अली अब्बास जफर के पैसे नहीं चुकाए हैं। हम उम्मीद करेंगे कि आप चेक या डिमांड ड्राफ्ट के जरिए शिकायतकर्ता को उनके पैसे चुका दें। अगर आपका कुछ वर्जन है तो यह पत्र भेजे जाने के 7 दिन के अंदर अपना जवाब दें। यह ध्यान रहे कि मामला अब फेडरेशन के पास है, इसलिए बाहर से कोई सेटलमेंट की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

14 अगस्त, 2024 को पूजा एंटरटेनमेंट ने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई के लेटर का जवाब दिया। उन्होंने जवाबी पत्र में लिखा- शिकायतकर्ता पहले अपने कम्प्लेन की कॉपी हमारे साथ शेयर करें। वो जो भी पैसे की डिमांड कर रहे हैं, वो वैध नहीं है। उन्होंने शुरुआती दौर में ही काफी सारे एग्रीमेंट पर साइन किए हैं, इसलिए उनकी बकाया राशि से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई ने पूजा एंटरटेनमेंट के जवाबी लेटर को अली अब्बास जफर को ट्रांसफर कर दिया। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई ने अली को सारे सबूत मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई के अध्यक्ष बी.एन तिवारी ने कहा कि अली के सबूत सौंपते ही हम उनका पेमेंट रिकवर करा देंगे। जब हमने इस मामले में अली अब्बास जफर से संपर्क किया तो उन्होंने कहा- देखिए, यह मैटर डायरेक्टर एसोसिएशन के पास है। अभी मैं इस पर कुछ नहीं बोल सकता। ये कहते हुए उन्होंने फोन रख दिया। अली से जुड़े एक करीबी सोर्स ने कहा- अली नहीं चाहते कि यह बात अभी बाहर आए। उन्हें डर है कि अगर यह बात बाहर आई तो उनका पेमेंट फंस सकता है। हमने वासु भगनानी का भी पक्ष जानने की कोशिश की। वासु ने कहा- अगर आपको कोई प्रूफ मिलता है, तो आगे बढ़िए। वरना उन लोगों के खिलाफ खबर छापिए जो ऐसे फिजूल के आरोप लगा रहे हैं।'

# कंगना बोलीं- भिंडरावाले संत नहीं आतंकवादी था

## ये इतिहास हमसे छुपाया गया, 'इमरजेंसी' की रिलीज टलने से बहुत फाइनेंशियल नुकसान झेलने पड़ रहे हैं



कंगना रनोट ने फिल्म इमरजेंसी की रिलीज में देरी को लेकर बात की है। फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट न मिलने के कारण रिलीज टल गई। साथ ही सिख संगठनों को भी फिल्म पर आपत्ति थी जिसकी वजह से फिल्म तय समय पर रिलीज नहीं हो पाई।

अब कंगना ने न्यूज18 इंडिया चौपाल इवेंट में फिल्म को लेकर लोगों की आपत्ति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग जरनैल सिंह भिंडरावाले का बचाव कर रहे हैं, उन्हें मैं बता दूं कि वो संत नहीं आतंकवादी था।

कंगना ने कहा, ये हमारा इतिहास है जिसे जानबूझकर छुपाया गया। हमें इसके बारे में नहीं बताया गया। भले लोगों का जमाना नहीं है। मेरी फिल्म रिलीज को तैयार है। मुझे सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। 4 इतिहासकारों ने मेरी फिल्म को सुपरवाइज किया है। हमारे पास सारे डॉक्यूमेंट्स हैं। मेरी फिल्म में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन कुछ लोग भिंडरावाले को संत, लीडर और क्रांतिकारी कह रहे हैं। उन्होंने मेरी फिल्म को बैन करवाने की धमकी दी है। मुझे भी धमकियां मिली हैं।

पिछली सरकारों ने खालिस्तानियों को आतंकवादी कहा था। वो (भिंडरावाले) कोई संत नहीं जो मंदिर में ए47 लेकर बैठा हो। मेरी फिल्म पर बस कुछ लोगों को आपत्ति है जो कि दूसरों को भी भड़का रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि पंजाब के 99% लोगों को भिंडरावाले संत लगता होगा। वो एक आतंकी था और अगर वो आतंकी था तो मेरी फिल्म रिलीज होनी चाहिए।

### कंगना बोलीं-भारी नुकसान हो गया

जब कंगना से पूछा गया कि क्या फिल्म की रिलीज टलने से उन्हें फाइनेंशियल नुकसान झेलना पड़ा तो उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि भिंडरावाले को आतंकी दिखाए जाने पर लोगों को आपत्ति होगी। मुझे टॉर्चर जैसा फील होता है। मेरे लिए ये बेहद शर्मिंदगी की बात है। हमें काफी नुकसान भी झेलना पड़ा है।

### सिख समुदाय ने किया था प्रदर्शन

फिल्म के खिलाफ पिछले दिनों मुंबई के 4 बंगला स्थित गुरुद्वारे के बाहर सिख समुदाय ने प्रदर्शन किया था। उनका आरोप है कि फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उनकी मांग है कि फिल्म पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए और कंगना पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों की अगुआई करने वाले जसपाल सिंह सूरी ने कहा था, 'फिल्म रिलीज हुई तो दंगे होंगे, कत्लेआम होंगे। यह जूते खाने की हरकत है और वह (कंगना) जूते खाएगी।'

फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन भी कंगना ने ही किया है।

वहीं वर्कफ्रंट पर एक्ट्रेस ने हाल ही में एक और फिल्म अनाउंस की है जिसका नाम 'भारत भाग्य विधाता' है।

# सिंगिंग रियलिटी शो के मेंटर बने गुरु रंधावा

## आजकल एक सिंगर खुद को कैसे पेश करता है, वही बिकता है : रंधावा





**सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा एक बार फिर वापसी कर रहा है। शो में कंपोजर-सिंगर गुरु रंधावा एक मेंटर के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। गुरु ने शो की जिम्मेदारियों, नए टैलेंट्स को गाइड करने के अपने अनुभव और म्यूजिक इंडस्ट्री में हुए बदलावों पर बातचीत की।**

**सा रे गा मा पा का ऑफर मिलते ही आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी?**

ऑफर मिलते ही मैंने मजाक में कहा, सारे पैसे अकाउंट में डालो! ये शो बहुत नेक्स्ट लेवल है और मुझे इसमें शामिल होने पर गर्व है। ऐसे शो का ऑफर आना बहुत बड़ी बात है। मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने मुझे चुना और मुझे इस शो का हिस्सा बनाया।

**मेंटर बनने की जिम्मेदारी को आप कैसे देखते हैं?**

जिम्मेदारी है, लेकिन सिंगर्स के लिए सबसे जरुरी है कि वो खुद को कैसे पेश करते हैं। म्यूजिक के साथ वो कैसे नए-नए एक्सपेरिमेंट करते हैं, वही बिकता है। सिंगर्स कितने इंडिपेंडेंट हैं, ये भी बहुत मायने रखता है। मैं चाहता हूं कि इस शो से निकलने वाले सिंगर्स खुद को आजाद महसूस करें और अपनी मर्जी का म्यूजिक बनाएं। क्योंकि वही म्यूजिक हिट होता है, जो लोगों ने पहले नहीं सुना हो।

**नए टैलेंट को गाइड करते हुए आपका सबसे बड़ा मंत्र क्या है?**

बस लगातार लगे रहो। शो जीतो या हारो, हमेशा मेहनत करते रहो। लगातार मेहनत करना ही सबसे जरुरी है। निरंतरता ही सफलता की कुंजी है, जैसे रोज ब्रश करना हमारी आदत है। तो यही बात आपके टैलेंट के साथ भी है। अगर आप किसी चीज को रोज करोगे, तो उसमें कामयाबी जरूर मिलेगी।

**म्यूजिक इंडस्ट्री में आपने क्या बड़े बदलाव देखे हैं?**

बदलाव तो बहुत है। पहले गाना रिलीज करने में समय लगता था, अब यह आसान हो गया है। अब और जिम्मेदारी आ गई है क्योंकि लोग जुड़े हुए हैं। ऑडियंस देख रही है कि आप कैसा म्यूजिक दे रहे हो। पहले के मुकाबले प्रमोशन के तरीके भी बदल गए हैं। अब हर तीन महीने में नई ऑडियंस आती है, और म्यूजिक भी बहुत जल्दी हिट होता है। तो आपको हमेशा अप-टू-डेट रहना पड़ता है। आपको इस जमाने के साथ चलना पड़ेगा।

**क्या कभी रिजेक्शन ने आपको निराश किया?**


रिजेक्शन मिलना जरूरी है, ये कुछ नया करने का मौका देता है। परमानेंट तो कुछ भी नहीं होता। कई बार ऑडियंस सोचती है कि आप एक ही तरह की चीज करते रहो, जैसे पहले किया था। लेकिन मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं खुद को रोज रिजेक्ट करने के लिए तैयार रखता हूं, ताकि बेहतर कर सकूं। एक दिन तो सफल होऊंगा, जैसे पहले दिन था, वैसे आज भी हूं। नया म्यूजिक बना रहा हूं, फिल्में कर रहा हूं और ये शो भी मेरे लिए नई चीज है। तो बस, मैं इसमें अपना 100% दूंगा, जैसे अपनी जिंदगी में देता हूं।

**आज के नए सिंगर्स, जो अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं, उन्हें आप क्या सलाह देना चाहेंगे?**

मेरा अनुभव है कि जब आप मेहनत कर रहे होते हो, स्कूल या कॉलेज में गा रहे होते हो, तब भी आपके पास अच्छे गाने होते हैं। आज जो ऑडियंस सुन रहे हैं, वो मेहनत कर रहे हैं सिंगर बनने के लिए, अच्छा लिखते हैं, कम्पोज करते हैं, तो वो भी वही इंसान होते हैं। लेकिन उस समय कोई आपको सीरियसली नहीं लेता, क्योंकि आपने कुछ प्रूफ नहीं किया होता। तो अगर आपको किसी ने रिजेक्ट किया है, लेकिन आपके पास गाने हैं, तो आप पहले से ही सुपरस्टार हो। बस, बहुत मेहनत करो और अपने पेरेंट्स और उन लोगों का ध्यान रखो जिन्होंने आपकी मदद की है।

### कपिल से हुए विवाद पर बोले सुनील ग्रोवर

## पुराने मुद्दों को सुलझाना आसान नहीं, लेकिन हमने उसे सुधार लिया है



हाल ही में, सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा ने श्री श्री रवि शंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, सुनील ने आध्यात्मिक गुरु से एक सवाल पूछा, जो मार्च 2017 में कपिल के साथ हुए उनके विवाद से संबंधित था। उन्होंने पूछा, जब दो दोस्त, जो एक-दूसरे को बहुत प्यार करते हैं, किसी विवाद में पड़ जाते हैं, तो वे छह साल के गैप के बिना कैसे मिल सकते हैं या ऐसी स्थिति से कैसे बच सकते हैं? सुनील ने बताया कि श्री श्री रवि शंकर का जवाब उन्हें पूरी तरह से संतुष्ट करता है। उन्होंने कहा, वैसे, मुझे पहले से ही इसका जवाब पता था, लेकिन फिर भी मैंने सोचा कि उनकी गहरी समझ है, उनसे भी पूछ लेते हैं। ज्ञानी आदमी से पूछा, तो उन्होंने बड़ा अच्छा जवाब दिया कि जहां प्रेम होता है, वहां ऐसा होता ही है। मैं उनके इस जवाब से पूरी तरह से संतुष्ट हो गया। 2017 में फ्लाइट विवाद के बाद, जब सुनील और कपिल पहली बार द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो के सेट पर मिले, तो उन्हें कोई अजीब स्थिति महसूस नहीं हुई। सुनील ने कहा, फ्लाइट विवाद के बाद जब हमने पहली बार शो के शूट पर एक साथ काम किया, तो ऐसा नहीं लगा कि कुछ अजीब है। दरअसल, बीच-बीच में हम लोग मिलते रहे थे, किसी पार्टी या गेट-टू-गेदर में। जब हम मिले, तो बिल्कुल वैसा ही लगा जैसे पहले था। हम दोनों उम्र और अनुभव में भी समान हैं और पुरानी बातें अब पीछे रह गई हैं। हमें पता है कि यार, जो हो गया, हो गया। अभी वहां से कुछ नया करते हैं, कुछ एक साथ फिर से जुड़ते हैं। बातचीत के दौरान, सुनील ने यह भी साझा किया कि उन्होंने और कपिल ने पुराने मुद्दों को सुलझा लिया है।

उन्होंने कहा, पुराने मुद्दों को सुलझाना आसान नहीं होता, लेकिन हमने उसे सुलझा लिया है। रिश्ते की डोरी कई बार उलझ जाती है, लेकिन हमने उसे काटकर और फिर से जोड़कर सुधार लिया है। अब हमारी कोशिश यही होती है कि हम फिर से उलझे नहीं। अब हमें सुलझाने का तरीका मिल गया है। बस ये करते हैं कि एक साथ फ्लाइट में नहीं जाते।'

# पवन कल्याण ने कोरियोग्राफर को पार्टी के काम से रोका

## जानी मास्टर पर 21 साल की लड़की ने लगाया है सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप



एक्टर से पॉलिटिशियन बने पवन कल्याण की पार्टी के सदस्य और कोरियोग्राफर जानी मास्टर के खिलाफ हाल ही में सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज हुआ है। जानी पर 21 साल की लड़की ने आरोप लगाया कि कोरियोग्राफर बीते काफी वक्त से उसका शोषण कर रहे थे। इतना ही नहीं वो उसे धर्म बदलने और शादी करने के लिए भी मजबूर कर रहे थे। सोमवार को इस खबर के सामने आने के बाद पवन कल्याण और उनकी पार्टी ने तुरंत जानी पर एक्शन लिया और उन्हें पार्टी की सभी गतिविधियों से दूर रहने का आदेश दिया है। जानी ने पिछले चुनावों में पार्टी के लिए खूब प्रचार किया था।

हाल ही में उन्होंने यह भविष्यवाणी भी की थी कि पवन 2032 में भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। पार्टी ने जारी किया नोटिस सोमवार को जानी पर केस दर्ज होने के बाद पार्टी ने एक नोटिस जारी किया। इस नोटिस में लिखा है कि शेख जानी को जनसेना पार्टी की गतिविधियों से दूर रहने का आदेश दिया गया है। रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद पार्टी नेतृत्व ने यह फैसला लिया। यह फैसला तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

**क्या है पूरा मामला :** 21 साल की एक लड़की ने सोमवार को कोरियोग्राफर जानी मास्टर उर्फ शेख जानी बाशा के खिलाफ तेलंगाना के साइबराबाद रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई है। लड़की ने जानी पर आरोप लगाया कि उन्होंने चेन्नई, मुंबई और हैदराबाद में अलग-अलग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग के दौरान उसका शोषण किया। साथ ही हैदराबाद स्थित अपने घर पर भी उसे कई बार एब्यूज किया। लड़की ने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2017 में एक इवेंट में उसकी मुलाकात जानी मास्टर से हुई थी। दो साल बाद जानी ने उसे अपनी असिस्टेंट कोरियोग्राफर की जॉब ऑफर, जो उसने एक्सेप्ट कर ली।

### कृष्णा अभिषेक से अनबन पर बोलीं गोविंदा की पत्नी सुनीता

# उनके साथ मेरा जमता नहीं है, मैं बदतमीजी बर्दाश्त नहीं करती हूं और सारे नाते तोड़ देती हूं

**गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने उनके और कृष्णा अभिषेक के बीच अनबन को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि कृष्णा और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह के साथ उनकी पटती नहीं है। दरअसल पॉडकास्ट टाइम आउट विद अंकित में सुनीता से पूछा गया कि क्या वो अर्चना पूरण सिंह को कपिल शर्मा के शो में रिप्लेस करना चाहेंगी? उन्होंने इस सवाल के जवाब में कहा, कश्मीरा और कृष्णा के साथ मेरा जमता नहीं है। मैं शो करती अगर वो लोग नहीं होते।**




वो (कृष्णा) कपिल के साथ है न वरना मुझे वो शो करने में मजा आता। सुनीता ने आगे कहा कि अगर कोई उनसे बदतमीजी करता है तो वो उससे सारे नाते तोड़ देती हैं और उसके बाद उससे मेरे संबंध कभी नहीं सुधरते हैं। सुनीता ने आगे ये भी कहा कि अगर उनकी गलती होती है तो वो माफी मांगने से पीछे नहीं हटती हैं लेकिन अगर सामने वाले की गलती है वो फिर उसका चेहरा भी देखना बर्दाश्त नहीं करती हैं। सुनीता ने कहा, मैंने अपनी बहनों का चेहरा पिछले 15 साल से नहीं देखा है। एक नफरत हो गई न तो खत्म है मेरे लिए।

**2016 में पहली बार दोनों में हुई थी अनबन :** दोनों के बीच पिछले कई सालों से मनमुटाव चल रहा है। कई बार दोनों ने सुलह की कोशिश भी की लेकिन बात नहीं बनी। कृष्णा और गोविंदा के बीच तनाव कृष्णा के ही एक बयान से शुरू हुआ था। 2016 में उन्होंने एक रियलिटी शो के एक एपिसोड में कहा था कि मैंने गोविंदा को अपना मामा बना कर रखा है। उनकी ये बात गोविंदा को बिल्कुल पसंद नहीं आई थी। इस पर गोविंदा ने कहा था कि पैसों के लिए टेलीविजन पर किसी की बेइज्जती नहीं करनी चाहिए। गोविंदा के इस बयान पर कृष्णा ने कहा था कि ये बातें उन्होंने बुरी भावना के साथ नहीं कही थीं।

**गोविंदा का कपिल के साथ शूट करना कृष्णा को नहीं आया था रास :** गोविंदा अपनी अपकमिंग फिल्म जग्गा जासूस को प्रमोट करने पत्नी सुनीता और बेटी टीना के साथ कपिल शर्मा शो में पहुंचे थे। उस वक्त कृष्णा कलर्स के दूसरे शो कॉमेडी नाइट लव की मेजबानी कर रहे थे। गोविंदा का कपिल के शो में जाना उन्हें बिल्कुल रास नहीं आया था। इस पर उनका कहना था- मैंने चार दिन पहले मामा को मैसेज किया था। डेट की दिक्कत आ रही थी। मगर मुझे ये जानकर झटका लगा वो कपिल के साथ शूटिंग कर रहे थे। मैं हैरान था क्योंकि मुझे उम्मीद थी कि वो मेरा सपोर्ट जरुर करेंगे।

**कश्मीरा शाह के ट्वीट से और बढ़ी दूरी :** दोनों के बीच चीजें और खराब हो गई थीं, जब 2018 में कृष्णा की वाइफ कश्मीरा शाह ने ट्वीट किया था कि कुछ लोग पैसों के लिए नाचते हैं। इस ट्वीट पर सुनीता आहूजा ने कहा था कि ये ट्वीट गोविंदा के खिलाफ किया गया है। इसके बाद गोविंदा और सुनीता ने कृष्णा और कश्मीरा से सभी संबंध खत्म कर लिए। 2019 में भी जब गोविंदा, सुनीता और उनकी बेटी टीना कपिल शर्मा के शो पर आए थे, तब भी कृष्णा शो में नहीं आए थे, क्योंकि सुनीता उनके साथ स्टेज शेयर नहीं करनी चाहती थीं।



सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

## हरदीप पुरी बोले- राहुल की मानसिकता जिन्ना जैसी : वे देश को खून से लथपथ देखना चाहते हैं, कांग्रेस सरकार में सिख पगड़ी पहनने से डरते थे

बढ़ता राजस्थान



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने मंगलवार को कहा- राहुल गांधी की मानसिकता पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना जैसी है। वे देश में अलगाववादी सोच को बढ़ाना चाहते हैं। देश को खून से लथपथ देखना चाहते हैं। हरदीप पुरी मेरिका के वॉशिंगटन डीसी में हैं। पुरी ने कहा- राहुल ने भारत में रहते हुए कभी सिखों की बात नहीं की। जब वह सत्ता में थे, तब सिख डर में जीते थे। 1984 के दौरान सिखों को बसों से भी उतार दिया जाता था। सिख पगड़ी पहनने से भी डरते थे। राहुल ने पगड़ी-कड़ा पर सवाल उठाया था राहुल गांधी ने पिछले महीने तीन दिन की अमेरिका यात्रा के दौरान सिखों पर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- भारत में लड़ाई इस बात की है कि क्या भारत में एक सिख को पगड़ी पहनने की इजाजत दी जाएगी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी। यह सिर्फ सिखों को लेकर नहीं, बल्कि सभी धर्मों को लेकर है। पुरी बोले- मैं 62 साल से पगड़ी पहन रहा हूं पुरी ने कहा- राहुल गांधी से यह पूछना चाहिए कि किस सिख ने कहा है कि उसे भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने से रोका गया।

## लेबनान में हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर में सीरियल ब्लास्ट, 8 की मौत

### 2700 से ज्यादा घायल, इनमें ईरानी राजदूत भी; इजराइली हैकिंग का दावा

बढ़ता राजस्थान

**बेरूत (एजेंसी)।** लेबनान में हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर (कम्युनिकेशन डिवाइस) में सीरियल ब्लास्ट हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्लास्ट में 8 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में हिजबुल्लाह के 2 सदस्य और 1 बच्ची भी शामिल है। वहीं 2700 से ज्यादा घायल हुए हैं, जिनमें से 200 की हालात गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेजर्स को हैक करके ब्लास्ट किया गया है। इस हैकिंग के पीछे इजराइल का हाथ होने का दावा किया जा रहा है। हिजबुल्लाह ने कहा कि वह इस हमले के लिए 'दुश्मन'इजराइल को जिम्मेदार मानता है।

हालांकि इजराइल ने इस पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ये ब्लास्ट मंगलवार को दोपहर लगभग 3.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुए। पेजर एक वायरलेस डिवाइस होता है जिसका इस्तेमाल संदेश भेजने और प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह आमतौर पर छोटे स्क्रीन और लिमिटेड कीपैड के साथ आता है। इसकी मदद से संदेशों, अलर्ट्स, या कॉल्स को जल्दी प्राप्त किया जा सकता है। मोबाइल फोन से पहले पेजर का इस्तेमाल चलन में था। बाद में धीरे-धीरे इसका इस्तेमाल कम होता गया। हालांकि लेबनान में अभी भी इसे इस्तेमाल में लाया जा रहा है। मोबाइल फोन से पहले पेजर का इस्तेमाल चलन में था। बाद में धीरे-धीरे इसका इस्तेमाल कम होता गया।

## रंधावा बोले-केजरीवाल का इस्तीफा कोई नई बात नहीं, यह नौटंकी

### प्रदेश प्रभारी ने कहा- केंद्रीय मंत्री ने अपने दादा को कलंकित किया, सरकार उनका इलाज कराए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने अरविंद केजरीवाल और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर सियासी हमला किया। उन्होंने कहा- केजरीवाल नौटंकी कर रहे हैं। उनके इस्तीफे पर हाईकोर्ट ने कह दिया था कि वे फाइल साइन नहीं कर सकते, ना ही दफ्तर जा सकते हैं। इसमें इस्तीफा देने वाली नई बात क्या है। वहीं राहुल गांधी पर दिए केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बयान पर कहा कि सरकार को उनका इलाज करना चाहिए। इनका दिमागी संतुलन खराब हो गया है।

### बोले- दिल्ली सरकार ड्रामेबाजों की सरकार

कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे को लेकर कहा- यह (केजरीवाल) तो नौटंकी कर रहे हैं, 6 महीने जेल में एक साइन नहीं किया, एक फाइल नहीं देखी। दिल्ली सरकार की ड्रामेबाजों की सरकार है। उन्होंने कहा- पंजाब में क्या कर रहे हैं। लॉ एंड ऑर्डर के हालात बुरे हैं। ड्रग्स का बहुत बुरा हाल है और चीफ मिनिस्टर बड़े-बड़े भाषण करते हैं। एक बार ड्रामा चला, अब ड्रामेबाजी नहीं चलेगी।

**मीडिया से बातचीत में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के राहुल गांधी पर दिए बयान को लेकर रंधावा ने कहा-**

रवनीत बिट्टू ने अपने दादा बेअंत सिंह को कलंकित कर दिया है। जिस आदमी का दिमाग खराब हो जाए उसको ट्रीटमेंट की जरूरत है। जब दिमागी तौर पर खारिज होता है तो क्या-क्या बोलता है, इनका दिमागी संतुलन खराब हो गया है।

## अमित शाह की हरियाणा में दूसरी रैली

# राहुल झूठ बोलने की मशीन; हरियाणा में कांग्रेस के 4 नेता सीएम के लिए लड़ रहे : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा के दौरे पर हैं। भिवानी के लोहारू के बाद अब वह फरीदाबाद में रैली करेंगे। इससे पहले लोहारू में कहा कि राहुल बाबा झूठ बोलने की मशीन हैं। विदेश में राहुल ने ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात कही, लेकिन मैं कहना चाहता हूं जब तक भाजपा की मोदी सरकार है आरक्षण को कोई छू तक नहीं सकता अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की अंदरूनी कलह किसी से छुपी नहीं है।

इनके यहां चार-चार नेता सीएम पद को लेकर लड़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर पर कांग्रेस वाले राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस वाले अफवाह फैला रहे हैं। हम अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दे रहे हैं। मैं ये गारंटी देता हूं कि कोई भी अग्निवीर बिना नौकरी के नहीं रहेगा।

### दलाल ने शाह को बाजरे की फसल का गुच्छा दिया

रैली के समापन पर बीजेपी प्रत्याशी जेपी दलाल ने अमित शाह को बाजरे की फसल का गुच्छा देकर सम्मानित किया।

### हर भाषा में झूठ बोल सकते हैं राहुल गांधी: शाह

अमित शाह ने कहा राहुल झूठ बोलने की मशीन हैं। वह हर भाषा में झूठ बोल सकता है। मैं ये पूछना चाहता हूं कि हरियाणा में चुनाव से पहले यह स्पष्ट करिए कि कश्मीर में धारा 370 हटाने का काम अच्छा हुआ या बुरा। बाबर ने राम मंदिर तोड़ा था। बीजेपी ने वहां राम मंदिर बनाया। क्या बीजेपी ने ये गलत किया। आज राम लला को सम्मान देने का काम मोदी जी ने किया। राहुल बाबा को ये पसंद नहीं आता। राहुल बाबा आपको पसंद आए न आए, लेकिन जनता को जरूर पसंद आया।

### राहुल गांधी आतंकवादियों को रिहा करना चाहते हैं: शाह

अमित शाह ने कहा राहुल गांधी कश्मीर गए और उमर अब्दुल्ला के साथ समाधान किया। इनका एंजेडा क्या है। ये चुनाव के बाद सभी कैद आतंकवादियों को रिहा करना चाहते हैं। पाकिस्तान के साथ वे सभी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से प्रतिबंध हटाना चाहते हैं।



### अमित शाह बोले- कांग्रेस ने हरियाणा को क्या दिया

उन्होंने कहा मैं हुड्डा साहब से पूछना चाहता हूं, वोट मांगने का अधिकार सबको है, लेकिन हिसाब भी देना पड़ता है, अकाउंट भी देना पड़ता है। आप 10 साल रहे, ऊपर भी यूपीए की सरकार थी, हरियाणा को क्या दिया, केवल 41000 करोड़ रुपए दिए। मोदी जी ने 10 साल में 1 लाख 43000 करोड़ रुपया हरियाणा को दिया

### आरक्षण को किसी को भी छूने नहीं देंगे: अमित शाह

केंद्रीय मंत्री ने कहा राहुल बाबा ने अमेरिका में बयान दिया है कि हिंदुस्तान की सरकार आरक्षण को हटा देगी। मैं आपको यह कहकर जाता हूं कि जब तक हमारी सरकार है आरक्षण को किसी को भी छूने नहीं देंगे। अकेले भिवानी जिले के किसानों को मोदी जी ने 247 करोड़ रुपए देने का काम किया है। 6 लाख लोगों का 5 लाख तक का हेल्थ का खर्चा माफ किया है। अब सरकार ने इसमें भी आय सीमा को खत्म कर दिया है। अब 70 साल से ऊपर के व्यक्ति को फ्री इलाज सरकार दे रही है।

### हरियाणा कांग्रेस में अंदरूनी कलह

अमित शाह ने कहा कि लोगों ने 2014 में हमारी सरकार बनाई। 2019 में भी बनाई। अब क्या आप 2024 में सरकार बनाओगे। हरियाणा में कांग्रेस की अंदरूनी कलह किसी से छुपी नहीं है। चार-चार नेता सीएम फेस को लेकर लड़ाई कर रहे हैं। ऐसी पार्टी को क्या आप वोट दोगे।

### 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रहे

उन्होंने कहा कि मैं आज हुड्डा साहब को पूछना चाहता हूं, आपने भी कोई कम राज तो नहीं किया। आप एमएसपी पर कितना खर्च करते थे। चार ही क्रॉप पर एमएसपी पर खरीदते थे। आज 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रहे हैं। वह सिर्फ एमएसपी एमएसपी रटे रहते हैं। आज किसानों की फसल का एक भी दाना खाली नहीं रखेगा।

## सीजेआई के घर जाने पर पहली बार बोले पीएम

### गणेश पूजन में गया तो कांग्रेस का इकोसिस्टम भड़का, सत्ता के भूखों को परेशानी हुई : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजन में शामिल हुए थे। इस पर विपक्ष के नेताओं ने सवाल उठाया था। पीएम ने मंगलवार को अपने 74वें जन्मदिन पर भुवनेश्वर में इसका जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा- गणेश पूजन में गया तो कांग्रेस के इकोसिस्टम के लोग भड़क उठे। बांटों और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों को गणेश उत्सव खटकता था। आज समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन पर अपनी मां को भी याद किया। उन्होंने कहा, आज आदिवासी परिवार के पीएम आवास पर गया था। हर साल जन्मदिन पर मां से आशीर्वाद लेने जाता था, वो मुझे गुड़ खिलाती थीं। आज मां नहीं हैं, लेकिन इस बार एक आदिवासी मां ने मुझे खीर खिलाई। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे भुवनेश्वर पहुंचे। यहां राज्यपाल रघुवर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में सुभद्रा योजना शुरू की। साथ ही 800 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### मोदी की स्पीच की 3 बड़ी बातें...

**बांटों और राज करो की नीति पर:** जब सत्ता की भूख में अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे, तब बांटों और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था। बांटों और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों की नजरों में उस समय भी गणेश उत्सव खटकता था, आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है।

**महिला सशक्तिकरण पर:** भारत में महिला सशक्तिकरण का एक और प्रतिबिंब है- प्रधानमंत्री आवास योजना। इस योजना के कारण अब छोटे से छोटे गांव में संपत्ति महिलाओं के नाम होने लगी है। कोई भी देश, कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ता है, जब उसके विकास में उसकी आधी आबादी यानी हमारी नारी शक्ति की बराबर भागीदारी होती है। इसलिए महिलाओं का बढ़ता सामर्थ्य ओडिशा के विकास का मूल मंत्र होने वाला है।

**सरकार के 100 दिन पर:** आज सरकार के 100 दिन हुए हैं। इस दौरान गरीब, किसान और नौजवान के लिए बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। हाल में ही धान किसानों, तिलहन और प्याज किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। विदेशी तेल के आयात पर शुल्क बढ़ाया गया है, ताकि देश के किसानों से ज्यादा कीमत पर खरीद हो। इसके अलावा बासमती के निर्यात पर लगने वाला शुल्क घटाया गया है।



### सुभद्रा योजना, रेलवे प्रोजेक्ट लॉन्च, पीएम आवास के लाभार्थियों को चाबी सौंपी

मोदी ने सुभ्रद्रा योजना लॉन्च की। यह एक वित्तीय सहायता योजना है, जिसका नाम भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन सुभद्रा के नाम पर रखा गया है। इस योजना के तहत राज्य सरकार 21-60 साल की महिलाओं को 2024-25 और 2028-29 के बीच 5 सालों के दौरान 50,000 रुपए देगी। हर साल 10,000 रुपए दो किस्तों में सीधे उनके खातों में जमा किए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (17 सितंबर) को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में महिलाएं रात में काम करती हैं।

कोर्ट की फटकार पर सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने बंगाल सरकार की तरफ से कहा कि सरकार महिला डॉक्टरों की ड्यूटी 12 घंटे तक सीमित करने और नाइट ड्यूटी पर रोक लगाने वाले अपने फैसले वापस ले लेगी।

कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि रेप पीड़ित की पहचान का खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट 24 सितंबर को अगली सुनवाई करेगा।

### उन्हें नाइट शिफ्ट करने से नहीं रोक सकते; विकीपीडिया ट्रेनी डॉक्टर की तस्वीरें हटाए




## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# नितिन गडकरी बोले-अब सस्पेंड करने का रिकॉर्ड बनाऊंगा

## गाजियाबाद में अफसर-ठेकेदारों पर भड़के, मंत्री से कहा- रोड पर उतरो

बढ़ता राजस्थान

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** अच्छा काम करेंगे तो हम अवॉर्ड देंगे। अच्छा काम नहीं करेंगे तो एनएचएआई से तुम्हारी छुट्टी करेंगे। अब रोड का रिकॉर्ड बहुत हो गया। हम विश्व का सबसे बड़ा रोड नेटवर्क बन गए हैं। अब हमें लोगों को रिटायर और सस्पेंड करने का रिकॉर्ड बनाना है। कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैक लिस्टेड कर बैंक गारंटी जब्त करेंगे। ऐसा हाल करेंगे कि कहीं कॉन्ट्रैक्ट नहीं ले पाओगे। मेरी बात गंभीरता से लो। मैंने राज्यमंत्री को कहा है कि अब रोड पर घूमो।

यह बात केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को गाजियाबाद में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के मेंटेनेंस पर नाराजगी जताते हुए कही। उन्होंने मेरठ-गाजियाबाद रोड पर दुहाई में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान कहा- मैं जिस गाड़ी से चलता हूं, वह पराली से बने ईंधन से चलती है। जल्द ही हवाई जहाज भी पराली ईंधन से उड़ेंगे।

### पानीपत में इंडियन ऑयल का प्लांट शुरू

नितिन गडकरी ने कहा- वेस्ट यूपी, हरियाणा और पंजाब के लोग पराली जलाते हैं। इससे दिल्ली का प्रदूषण लेवल बढ़ता है। मैंने इसे कम करने के लिए पेट्रोलियम मिनिस्ट्री के साथ मिलकर काम किया। आज पानीपत में इंडियन ऑयल का प्लांट शुरू हुआ है। यह पराली से एक लाख लीटर प्रतिदिन एथेनॉल बना रहा है। 88 हजार टन हवाई ईंधन भी बन रहा है। यानी अब हवाई जहाज भी पराली से तैयार ईंधन से चलेंगे। मैं खुद जो गाड़ी लेकर घूमता हूं, वो किसानों की पराली से चलती है।



### नॉर्थ ईस्ट में बैंबू से क्रैश बैरियर बनेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा- कर्नाटक के एक किसान बैंबू की एक एकड़ खेती से 8 लाख रुपए सालाना कमाते हैं। बैंबू से अचार, कपड़े, बैग, जर्सी, फर्नीचर बनते हैं। एनएचएआई ने नॉर्थ ईस्ट में बैंबू से 80 किलोमीटर क्रैश बैरियर बनाया है। मैंने एनएचएआई से कहा है कि लोहे को निकालो और पूरे नॉर्थ ईस्ट में किसानों से बैंबू लेकर क्रैश बैरियर बनाओ। बैंबू कटने से नॉर्थ ईस्ट के लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### कचरे से लगातार बना रहे हाईवे

नितिन गडकरी ने कहा- देश में कचरे के लिए झगड़े होने चाहिए। ये हो सकते हैं, जब कचरे की वैल्यू क्रिएट होगी। हमने दिल्ली की गाजीपुर लैंडफिल साइट का कचरा दिल्ली-मुंबई हाईवे में रोड बनाने में इस्तेमाल किया है। अहमदाबाद में भी 40 लाख टन कचरे का प्रयोग सड़कों में किया है। दिल्ली-मेरठ हाईवे में भी कचरे से रोड बनाने में मैंने बहुत मेहनत की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगर सफलता मिल जाती तो आज गाजीपुर लैंडफिल साइट खत्म हो जाती। हाईवे निर्माण में मिट्टी डालने से पर्यावरण को ही नुकसान पहुंचता है। पर्यावरण बचाने और कचरा नष्ट करने के लिए हम लगातार प्लास्टिक का यूज रोड बनाने में कर रहे हैं।